दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अपनी मर्जी से बन जाते हैं नर व मादा .....

हबरा की गारी......

वर्ष : 10 | अंक : 354 | लखनऊ, 07 दिसम्बर, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# योगी सरकार का बड़ा फैसला, प्रदेश के सभी विभागों-निगमों में हड़ताल पर लगाई रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में विभिन्न विभागों के अभियंताओं-कर्मचारियों के रुख को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सभी विभागों, निगमों व स्थानीय प्राधिकरण में हड़ताल पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के किसी भी विभाग के कार्मिक संगठन अब अगले छह माह तक हड़ताल नहीं कर सकेंगे। दरअसल, राज्य सरकार पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्काम वाले 42 जिलों की बिजली आपूर्ति को पीपीपी मॉडल पर निजी हाथों में सौंपने जा रही है। इस संबंध में अगले सप्ताह कैबिनेट से निर्णय होने की उम्मीद जताई जा रही है। निजीकरण को लेकर जिस तरह का विरोध किया जा रहा है उससे सरकार को आशंका है कि निजीकरण का निर्णय होते ही ऊर्जा निगमों के अभियंता-कर्मी हड़ताल कर सकते हैं।



### अन्य विभाग के कर्मी भी कर सकते हैं विरोध

ऐसे में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने दूसरे नौ विभागों से अभियंता व कार्मिकों की मांग की है। हालांकि, उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं के पावर कॉरपोरेशन में काम न करने संबंधी पत्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल को लिखा है।

### सरकार ने छह माह के लिए हड़ताल पर लगाई रोक

इंजीनियर्स एसोसिएशन के रुख से माना जा रहा है कि दूसरे अन्य विभाग के कार्मिक भी ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में हड़ताल कर सकते हैं। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने अब अपने सभी विभागों, निगमों व स्थानीय प्राधिकरणों में अगले छह माह तक हड़ताल करने पर रोक लगाने का निर्णय किया है। शुक्रवार को प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम के हड़ताल पर रोक लगाने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी। गौरतलब है कि ऊर्जा निगमों में तीन जनवरी तक हड़ताल करने पर पहले से ही रोक लगी है। कॉरपोरेशन प्रबंधन ने तीन जनवरी के बाद भी छह माह तक ऊर्जा निगमों में हड़ताल पर रोक लगाने के लिए प्रदेश सरकार से अनुरोध कर रखा है। प्रदेश सरकार की अधिसूचना होने पर ऊर्जा निगमों में अगले वर्ष तीन जुलाई तक हड़ताल पर रोक रहेगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार बी आर आंबेडकर की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को यहां उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने यहां एजी स्क्वायर पहुंचकर आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी और फिर मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा स्थित अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गईं। मुर्मू का उपरबेड़ा सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय जाने का भी कार्यक्रम है, जहां से उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा ली थी। राष्ट्रपति छात्रों और ग्रामीणों से बातचीत करेंगी। वह महिला महाविद्यालय, रायरंगपुर की छात्राओं और शिक्षकों से भी बातचीत करेंगी। राष्ट्रपति शनिवार को बांगिरिपोसी-गोरुमहिसानी, बुरामारा-चाकुलिया और बादामपहाड़-केंदुझारगढ़ रेल लाइनों, जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र, रायरंगपुर, दंडबोस हवाई अड्डा, रायरंगपुर और उप-मंडल अस्पताल, रायरंगपुर सहित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगी।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे दर्दनाक हादसा हुआ

## ट्रक और डबल डेकर बस की हुई टक्कर, 8 की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कन्नौज, उत्तर प्रदेश के कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे हाईवे पर दर्दनाक हादसा हुआ है। दरअसल, डबल डेकर स्लीपर बस ट्रक में जा घुसी है, जिसके चलते भीषण हादसा हुआ है। इस बस में 40 यात्री सवार थे, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई है अभी बाकी घायल है। हादसा स्थल पर डीएम-एसपी पहुंचे और हालात की जांच-पड़ताल की। बता दें कि, राहत-बचाव का कार्य पूरा हो चुका है।

### 8 लोगों की हुई मौत

यह दुर्घटना आज यानी के शुक्रवार के दोपहर में कन्नौज जिले के सकरावा थानाक्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस 141 पर औरैया बॉर्डर के नजदीक हुआ है। इसके अलावा, रास्ते गुजर यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी घायलों की मदद के लिए रुके थे। बता दें कि, मंत्री ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने का निर्देश दिया। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हुई है। वहीं, घायल यात्रियों को सैफई मेडिकल कॉलेज व तिर्वा के लिए भेजा दिया गया है। मीडिया जानकारी के अनुसार, स्लीपर बस अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराई और पलट गई थी। जब यह हादसा हुआ था, तो बस में मौजूद लोगों ने बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला है। मौके पर पुलिस और यूपीडा टीम पहुंची। रेस्क्यू कई घंटे तक चला।



### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 33.c |
| न्यूनतम तापमान | 24.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,634.72 |
| निफटी | 25,013.85 |

## संदिग्ध दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत, 19 अस्पताल में भर्ती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

चेन्नई : चेन्नई शहर में कथित तौर पर दूषित पेयजल के कारण बृहस्पतिवार को दो व्यक्तियों की मौत हो गई तथा 19 अन्य का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने अस्पताल का दौरा किया और मरीजों हालचाल पूछा। उन्होंने बताया कि पानी के नमूनों को विस्तृत विश्लेषण के लिए गिण्डी स्थित किंग इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड रिसर्च भेजा गया है। मंत्री सुब्रमण्यम ने संवाददाताओं को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा। मृतकों की पहचान 56 वर्षीय तिरुवेथी और 42 वर्षीय मोहनरांगम के रूप में हुई है। अस्पताल के अनुसार मोहनरंगम को मृत अवस्था में लाया गया था। पल्लावरम के निवासियों ने दावा किया कि शहर में हाल ही में हुई बारिश के दौरान उनके क्षेत्र में पीने का पानी सीवेज के पानी में मिल जाने के कारण दूषित हो गया। सुब्रमण्यन ने बताया कि कुल 34 व्यक्तियों को भर्ती कराया गया जिनमें से 14 को छुट्टी दे दी गई तथा 19 का वर्तमान में उपचार किया जा रहा है।

## पिता दलित, मां की दूसरी जाति, बच्चे को मिलेगा आरक्षण का लाभ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बीते दिन संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर एक अहम फैसला सुनाया। एक गैर-दलित महिला और एक दलित व्यक्ति के जोड़े के बच्चों से जुड़े एक अद्वितीय पारिवारिक कानून मामले को संबोधित करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग किया। अदालत ने फैसला सुनाया कि गैर-दलित मां और दलित पिता से पैदा हुए बच्चे अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा पाने के हकदार हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट ने एक गैर-दलित महिला और एक दलित व्यक्ति के बीच विवाह को रद्द कर दिया। कोर्ट ने इसी के साथ पति को अपने नाबालिग बच्चों के लिए अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने का आदेश दिया, जो पिछले छह वर्षों से अपनी मां के साथ रह रहे हैं। अदालत ने आदेश दिया कि नाबालिग बच्चों को एससी प्रमाणपत्र प्राप्त हों, जो कानूनी रुख को दशार्ता है कि एक गैर-दलित पति या पत्नी शादी के माध्यम से एससी का दर्जा प्राप्त नहीं कर सकते हैं, लेकिन दलित पिता होने के कारण उनके बच्चे शिक्षा जैसे विभिन्न सरकारी लाभों तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण जाति पदनाम के हकदार हैं। अदालत के फैसले में तलाक के बाद बच्चों के कल्याण और भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई विशिष्ट निर्देश शामिल थे। पिता को छह महीने के भीतर एससी प्रमाणपत्र हासिल करने और पोस्ट-ग्रेजुएशन तक बच्चों के लिए ट्यूशन, बोर्डिंग और आवास खर्च सहित सभी शैक्षिक खर्चों को कवर करने का काम सौंपा गया है। इसके अलावा, इस निर्णय में रायपुर में भूमि के एक भूखंड के हस्तांतरण के साथ-साथ एकमुश्त वित्तीय निपटान भी शामिल है। अदालत ने उस धारा को भी बरकरार रखा जिसमें पिता को अपनी पूर्व पत्नी को अगले वित्तीय वर्ष के अंत तक दोपहिया वाहन उपलब्ध कराने की आवश्यकता थी।



## दिल्ली के सरकारी और निजी स्कूलों में ऑफलाइन कक्षाएं फिर से शुरू होंगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने बृहस्पतिवार को एक परिपत्र जारी कर दिल्ली के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में फिर से ऑफलाइन कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की। परिपत्र में कहा गया है, शिक्षा निदेशालय, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से सभी कक्षाएं ऑफलाइन संचालित करने की आवश्यकता है।

### संक्षिप्त समाचार

## मध्यप्रदेश के छतरपुर में 12वीं के छात्र ने प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में शुक्रवार अपराह्न 12वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने स्कूल के प्रधानाचार्य की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और अपने एक साथी के साथ प्रधानाचार्य की स्कूटी पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि प्रधानाचार्य एस के सक्सेना (55) को अपराह्न करीब डेढ़ बजे धमोरा शासकीय उच्चतर विद्यालय के शौचालय के प्रवेश द्वार पर सिर में गोली मार दी गई। उन्होंने बताया कि सक्सेना की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी छात्र और उसका साथी एक ही स्कूल के छात्र हैं। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी आर पी प्रजापति ने बताया कि सक्सेना पिछले पांच साल से धमोरा शासकीय उच्चतर विद्यालय के प्रधानाचार्य थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के मुद्दों को केंद्र में रखा है : धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के मुद्दों को केंद्र में रखा है। धनखड़ ने उच्च सदन में कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के मुद्दों को जीवन के हर क्षेत्र में केंद्र में रखा है, चाहे उन्हें किफायती आवास उपलब्ध कराना हो, सौर ऊर्जा हो या किसानों को प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना हो। उन्होंने कहा, इसलिए हमारी उम्मीदें बहुत अधिक हैं।

# किसानों पर आंसू गैस छोड़ने पर राहुल गांधी का आया बयान

### 'यह काफी निंदनीय है'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विपक्ष नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को किसानों की मांगों को लेकर, किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ सरकार का व्यवहार को लेकर राहुल गांधी ने निंदा की है। इस विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए आंसू गैस और अन्य तरीकों के प्रयोग की गांधी ने अलोचना की। राहुल गांधी ने किसानों की पार्टियों को दूर करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी वैधता समेत उनकी छूट को लागू करने का आग्रह किया।

### राहुल गांधी ने एक्स पर किया पोस्ट

राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में ₹उन पर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें विभिन्न तरीकों से रोकने की कोशिश करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए।₹ गांधी ने किसानों के लिए अपनी पार्टी के समर्थन को दोहराया और खेती की लागत का 1.5 गुना एमएसपी, कर्ज माफी और किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन योजना जैसे उपायों की मांग की। उन्होंने कहा, सरकार को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी, खेती की व्यापक लागत का 1.5 गुना एमएसपी सहित सभी मांगों को तुरंत लागू करना चाहिए। बता दें कि, राहुल गांधी अब निरस्त किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-2021 के विरोध प्रदर्शन के दौरान 700 किसानों की मौत की ओर ध्यान आकर्षित करवाया, उन्होंने कहा कि- मोदी सरकार की अत्यधिक असंवेदनशीलता" को जिम्मेदार बताया। किसान सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखने और अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं? । उनपर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें तरह-तरह से रोकने का प्रयास करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए।



## बाबासाहेब के आदर्शों और विचारों की रक्षा करने की जरूरत: खरगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार को कहा कि बाबासाहेब के आदर्शों और विचारों की रक्षा करना आज के दौर की सख्त जरूरत है। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बाबासाहेब डॉ. आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर, हम संविधान और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत करने के लिए समर्पित कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उनके आदर्शों और विचारों के साथ-साथ राष्ट्र - भारत के संविधान - के लिए उनके सर्वोत्तम योगदान की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा करना समय की सख्त जरूरत है। आम्बेडकर की पुण्यतिथि को हर साल छह दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब का निधन छह दिसंबर 1956 को नयी दिल्ली में हुआ था।

## बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए: केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शाहदरा, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर और अन्य सीट पर हजारों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग में आवेदन दाखिल किए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने शाहदरा क्षेत्र में 11,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन किया है। जब हमने 500 नामों संबंधी आवेदन की समीक्षा की तो पता चला कि 75 प्रतिशत लोग अब भी वहां रह रहे हैं लेकिन उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में शाहदरा विधानसभा सीट पर आप ने करीब 5,000 मतों से जीत हासिल की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब उस निर्वाचन क्षेत्र में करीब 11,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मतदाता आप समर्थक हैं। केजरीवाल ने निर्वाचन आयोग से शाम तक सभी आवेदनों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।



## भाजपा वाले कुछ भी कहें, राहुल गांधी के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं : प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देशद्रोही कहे जाने पर शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल के लोग कुछ भी कहें, उन्हें फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनके भाई के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश की आजादी के लिए 13 साल जेल में काटने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली इंदिरा गांधी को देशद्रोही कह सकते हैं, उनके लिए राहुल गांधी के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, जो लोग आजादी की लड़ाई में 13 साल जेल में रहने वाले जवाहरलाल नेहरू जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली और शहीद हुईं इंदिरा जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो राजीव गांधी जी को देशद्रोही कह सकते हैं, वो अगर राहुल जी के लिए ऐसा कह रहे हैं, तो कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे मेरे भाई पर बहुत गर्व है, उनके लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने देश की एकता के लिए आठ हजार किलोमीटर की यात्रा की जिसमें से चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा थी। प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग कुछ भी कहते रहें, फर्क नहीं पड़ता। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रही खोजी मीडिया समेत अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ संबंध रखते हैं और वह देशद्रोही हैं।



## दिल्ली में एनओ2 का स्तर बढ़ने से अस्पताल जाने के मामले बढ़े: नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा दिल्ली में पांच स्थानों पर किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि नाइट्रोजन डाईऑक्साइड (एनओ2) जैसे यौगिकों के स्तर में वृद्धि के साथ लोगों को सांस लेने में घरघराहट पैदा होने तथा आपात स्थिति में अस्पताल जाने के मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री पे कहा कि सरकार ने वायु प्रदूषण पर एक स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है और वायु प्रदूषण के मुद्दों के समाधान के लिए कई कदम भी उठाए हैं। नड्डा ने कहा कि भारत सरकार ने 1,561 ह्यप्रेशर स्विंग एड्शॉर्पशनह्ल (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि देश में पीएम केयर्स फंड के तहत 1,225 पीएसए संयंत्रलगाए गए हैं। उनका कहना था कि इसके अतिरिक्त, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, कोयला, रेल मंत्रालयों के तहत आने वाले सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अब तक 336 पीएसए संयंत्र स्थापित किए गए हैं।



## दबंग ने सरेराह किशोरी के साथ छेड़छाड़, विरोध पर धमकाया

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसकी 16वर्षीय बेटी बीते गुरूवार की शाम साढे सात बजे के करीब गांव के अंदर बने घर से गांव के बाहर बने घर पर जा रही थी तभी सरेराह बेटी को अकेला देखकर गलत इरादे से दबंग जितेन्द्र उर्फ झलक जबरन बेटी का हाथ पकड़कर धान के पैरा के ढेर के पीछे ले गया ओर जबरदस्ती करने के साथ ही छेड़खानी करने लगा,बेटी के विरोध करने पर दबंग ने गाली-गालौज करते हुये पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला ।डरी सहमी बेटी ने घर पहुंचकर मां समेत परिजनो से आपबीती बताई तो उनके होश उड़ गये ।पीड़ित बेटी संग पिता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की ।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के विरूद्व छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# सरोजनीनगर से रवाना हुई 34वीं रामरथ : भव्य राममंदिर के दर्शन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**हनुमानपुरी से रवाना हुई 34वीं रामरथ यात्रा: श्रद्धालुओं ने भव्य राम मंदिर के दर्शन कर व्यक्त किया डॉ राजेश्वर सिंह का आभार**

**विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह क्षेत्रवासियों को निरंतर करवा रहे राम लला के दर्शन, 34वीं रामरथ से हनुमानपुरी के लोगों ने किया दर्शन**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के वृद्धजनों, महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शन कराने के सतत क्रम शुक्रवार को 34वीं 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' निःशुल्क बस सेवा का संचालन सरोजनीनगर के हनुमानपुरी से किया गया। इस दौरान राम लला के दर्शन को जाते लोग काफी उत्साहित और भाव विभोर दिखे, उन्होंने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आभार प्रकट करते हुए बताया कि वो सौभाग्यशाली है जो उन्हें आज प्रभु श्री राम जी और भव्य राम मंदिर के दर्शन करने का अवसर मिला और यह सिर्फ विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा हो सका।

डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा चलाई जा रही इस निःशुल्क बस सेवा का संचालन महीने में दो बार किया जाता है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को उनके घर से ले जाने और वापस छोड़ने की व्यवस्था के साथ-साथ जलपान, भोजन, प्रसाद, और अन्य सुविधाएं विधायक की टीम द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अलावा, यात्रियों को अंगवस्त्र और श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर सम्मानित भी किया जाता है।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि समाज की जरूरतों और भावनाओं का सम्मान करना जनसेवा का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹सनातन संस्कृति और आस्था का संवर्धन और संरक्षण मेरा प्रमुख कर्तव्य है। इस यात्रा के माध्यम से न केवल श्रद्धालुओं को प्रभु राम के दर्शन का अवसर मिलता है, बल्कि उनकी आस्था को बल भी मिलता है। यह निःशुल्क सेवा भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

## किशनपुर कौड़िया में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की परिनिर्वाण दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत किशनपुर कौड़िया में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत में नवनिर्मित अंबेडकर स्थल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बाबा साहब के संविधान निर्माण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में दिए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता नहीं थे, बल्कि वे समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों, न्याय और समानता के प्रतीक थे।उनके आदर्श हमें एक सशक्त और समतामूलक समाज बनाने की प्रेरणा देते हैं।इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामवासी और गणमान्य अतिथि शामिल हुए।प्रमुख अतिथियों में पूर्व सांसद श्रीमती रीना चौधरी, बंथरा नगर पंचायत की चेयरमैन श्रीमती रामावती, मंडल अध्यक्ष श्री विवेक राजपूत, और कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महिलाओं को आत्म निर्भर एवं करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि मिशन शक्ति फेज -5 के तहत वन स्टॉप सेन्टर अमेठी द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर एवं सशक्त बनाने हेतु तथा जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गौरीगंज के कटरा लालगंज में महिलाओं और बालिकाओं के बीच किया गया। कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रथा, यौन हिंसा, जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु एवं महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु लगातार स्कूलों, महाविद्यालयों, ग्रामीण /शहरी क्षेत्रों में जागरुकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

## एमबीबीएस के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत, बर्थडे पार्टी के बाद बिगड़ी तबीयत

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा थाना क्षेत्र के प्रसाद इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंस ऑफ कॉलेज में एमबीबीएस के छात्र विपुल बाजवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरियाणा के सोनीपत निवासी विपुल बाजवान (21) यहां 2021 बैच का एमबीबीएस थर्ड ईयर का छात्र था। वह कॉलेज के हॉस्टल में ही रहता था। बताते हैं कि गुरुवार रात उसके एक साथी मो. फैजल की बर्थडे पार्टी थी जिसमें खाना पीना के साथ जमकर शराब भी चली। सूत्रों का कहना है कि विपुल ने अधिक शराब पी ली थी जिससे शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे उसकी हालत बिगड़ गई साथी छात्र उसे अस्पताल की इमरजेंसी ले गए लेकिन वहां करीब 2 घंटे बाद विपुल ने दम तोड़ दिया।इसकी जानकारी कॉलेज प्रशासन को हुई तो उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर पूर्व विधायक ने अर्पित की श्रद्धांजलि



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ , मोहनलालगंज क्षेत्र में सपा कार्यकताओं ने जगह जगह कार्यक्रम आयोजित पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर विधान सभा क्षेत्र मोहन लाल गंज लखनऊ के ग्राम सभा समेसी करोरा अंचली खेड़ा रामदीन पुर मजरा सरई गुदौली बहरौली आदमपुर नौबस्ता में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ्क्ट भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कमेटी में आमन्त्रित सदस्य राम किशोर रावत अशोक कुमार प्रधान बरजोर यादव बाबा दीन गौतम देवतादीन देवकली प्रसाद रावत पूर्व मंत्री विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा दिनेश यादव महताब सिंह यादव सिराज मोहम्मद अशोक सिंह गजराज रावत प्रेम लाल गौतम संतराम रावत जिला उपाध्यक्ष अशर्फी लाल धीमान हरीशंकर रावत पूर्व प्रधान पृथ्वी पाल राम सुमिरन कनौजिया आशीष कुमार मेडी लाल राम चंदर परीदीन सरबजीत धीमान नगराम चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद सुफियान मोहम्मद हनीफ प्रमोद कश्यप, मोहम्मद लतीफ फारूकी रूपनारायण रावत उमेश सुरेश कुमार राकेश यादव मूलचंद रावत गिरधारी केशव राम आदि काफी संख्या में गांव के लोगों ने हिस्सा लिया।

# दुबग्गा में अवैध गैस गोदाम में धमाका, दो बच्चों समेत सात लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अवैध गैस गोदाम में धमाका हुआ, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में दो बच्चों समेत सात घायल हो गए। घायलों को तुरंत ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है।



घायल को स्ट्रेचर से ले जाते ग्रामीण

मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे दुबग्गा थाना क्षेत्र के मदार्पुर ग्रीन सिटी में गैस कटिंग के दौरान गैस गोदाम में आग लग गई। पहले तो सिलेंडर में भीषण विस्फोट हुआ उसके बाद पूरे गोदाम में आग फैल गई। बताया जा रहा है कि विस्फोट के वक्त कुछ लोग गोदाम में मौजूद थे। जिसमें करीब सात लोग इस हादसे में झुलस गए। स्थानीय पुलिस की मदद से घायलों को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। का कहना है कि पुलिस फिलहाल मौके पर है और विस्फोट के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है ।विस्फोट के बाद स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और हालात का जायजा लिया है। डीसीपी पश्चिम ओमवीर सिंह ने बताया कि शाहपुर भमरौली मदार्पुर ग्रीन सिटी निवासी अशोक गुप्ता विधाता होटल के पीछे अपने आवास में सिलेंडरों से रिफिलिंग करते है ।जांच में यह पता चला जिस वक्त यह हादसा हुआ गोदाम में कुछ मजदूर काम कर रहे थे। वहीं गैस गोदाम के बाहर मोहम्मद जीशान (5) और आयशा (7) खेल रहे थे। इसी बीच गोदाम में धमाका हो गया, जिसकी चपेट में मजदूर मोहित गुप्ता, शोभित गुप्ता, सोमनाथ विश्वकर्मा, रंजीत समेत मासूम बच्चे घायल हो गए। इस दौरान पुलिस ने गोदाम से 96 सिलेंडर भी बरामद किए हैं। घायलों को इलाज के लिए केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में पहुंचाया गया है।

## पान मसाला देने से मना करने पर दबंगों ने दुकानदार को पीटा

**तोडा मोबागल फोन पर दी जाति सूचक गालियाँ**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । मानक नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दबंगों ने पान मसाला देने से मना करने पर एक दुकानदार की पिटाई करने के साथ उसका कीमती मोबाइल तोड़ पड़ोसी की दुकान की मूंगफली फेक जाति सूचक गालियाँ दे फरार हो गए वहीं पीडित ने नजदीकी लोकबंधु अस्पताल में अपना उपचार करने के बाद दबंग के खिलाफ स्थानीय थाने में नामजद शिकायत की है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि मूल रूप से हिलालमऊ हसनगंज उन्नाव निवासी रोहित कुमार रावत पुत्र श्री राम औतार रावत के अनुसार वह वर्तमान मे कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित भोलाखेड़ा में रहता है और उसकी पान की दुकान मानकनगर पुल के नीचे है। बगल में राम भरोसे उर्फ सोनू की मूंगफली की दुकान है।आरोप है कि पडोसी दुकानदार सोनू अपनी दुकान दिखाकर पेशाब करने गया था।उस दौरान राहुल राठौर नामक युवक युवक उनकी दुकान के पास आया और सोनू से मसाला मांगा तो सोनू ने कहा कि भाईया आयेगें तो देंगे तभी आरोपित राहुल राठौर सोनू से गाली गलौज करने लगा तो सोनू ने गाली देने से मना किया तो उक्त युवक ने सोनू की पीटाई करने के साथ दोस्तों जीतू और शेरा को बुला पीटाई करने के साथ जातिसूचक गालियाँ दे फरार हो गया ।वही उक्त मारपीट से उसका सर फट फटने के साथ उसका मोबाईल फोन टूट गया और उसके शरीर मे गंभीर चोटे आई है।पीडित का कहना था कि झगड़े के दौरान आरोपियों ने मूंगफली की दुकान का सामान भी तोड़ डाला भीड़ इकठा होने लगी तो जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये । उसनें लोकबंधु अस्पताल मे उपचार कराने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने मे पुलिस से नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर गाली गलौच मारपीट धमकी सहित जाति सूचक गालियों की धारा मे मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

## जीजा की पिटाई से चोटिल साली की इलाजे दौरान ट्रामा में मौत

- रिस्तेदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज
- आरोपित जीजा की गिरिफ्तारी के लिए टीम गठित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ,आशियाना थाना क्षेत्र में बुधवार को एक जीजा ने अपने साली की बेरहमी से पिटाई कर जख्मी हालत में छोड़ फरार हो गया जिसकी इलाज के दौरान ट्रामा मे मौत हो गई ।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अंसल आंगन रिक्शा कालोनी निवासी राजेश कुमार यादव के अनुसार मूल रूप से बैकुण्डपुर थाना खुखुदू जिला देवरिया निवासी अमृता पुत्री सोमारी करीब चार माह से अपने जीजा बुलेट के साथ उसके घर पर रह रही थी। आरोप है बुधवार सुबह बुलेट ने अपने साली अमृता को काफी मारा पीटा जिससे उसके काफी चोटे आयी है सुबह समय शोर शराबा सुनकर वह मौके पर पहुंचे तो बुलट गाली गलौज करता हुआ अमृता को जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया उसने गंभीर हालत में अमृता को नजदीकी लोक बन्धु अस्पताल पहुंचाया जहाँ उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा रेफर कर जहाँ घायल का भर्ती कर इलाज चल रहा था जिसकी इलाज के दौरान ट्रामा मे मौत हो गई। वही रिस्तेदार राजेश की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जाने के साथ आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई है पुलिस के अनुसार मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद थाने मे दर्ज मुकदमे मे हत्या की धारा की बढौतरी की जाएगी।

# शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**माल के पतौना निवासी थे तीनों युवक, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से ट्रक की तलाश शुरू कर दी**

**एक साथ तीन शवों के गांव पहुंचने पर हर ओर चीख पुकार का मंजर था, शादी समारोह की पल भर की खुशियां मातम में बदल गई**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शादी समारोह में शामिल होकर देर रात घर लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्तों की अज्ञात ट्रक से भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सको तीनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बाइक चला रहे युवको ने हेलमेट नहीं पहना था. घटनास्थल से ट्रक चालक ट्रक सहित भाग निकला।



मृतक सोनू फोटो



मृतक धर्मेंद्र फोटो



मृतक राजू फोटो

माल थाना क्षेत्र के ग्राम पतौना निवासी शानू (20) और उसी गांव निवासी राजू (35) और धर्मेंद्र (22) के साथ रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दिलावर नगर गांव के पास स्थित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात करीब एक बाजे तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक शानू चला रहा था। तभी माल नबीपनाह मार्ग पर आदर्श सत्येंद्र सिंह महाविद्यालय पेट्रोल टंकी के पास अज्ञात ट्रक से बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सको तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। माल पुलिस के मुताबिक खड़े ट्रक में बाइक सवार जा घुसे जिससे तीनों की मौत हो गई। बाइक चालक हेलमेट भी नहीं पहने थे। मृतक राजू के परिवार में पत्नी रमापति, चार बेटे और एक बेटी हैं। धर्मेन्द्र का शव देख पत्नी बिलख पड़ी। बस एक ही रट लगाए थी अब किसके सहारे जिऊंगी। परिजनों ने देर शाम शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।

### मौत की खबर सुनते ही गांव में पसरा मातम

सड़क हादसे की सूचना जब गांव पहुंची तो पूरे इलाके में मातम पसर गया।एक साथ तीन शवों के गांव पहुंचने पर हर ओर चीख पुकार मच गई।यह मंजर जिसने भी देखा उसकी आंखें भर आईं।वहीं हादसे के बाद से मृतकों के घरवालों का भी रो रो कर बुरा हाल है।वह हर बात में यही कह रहे हैं कि अगर पता होता तो कभी उन्हें शादी में न जाने देते। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अच्छे दोस्त थे और तीनों काफी हसमुख स्वभाव के थे।हादसे के बाद से गांव के लोग भी सदमे में हैं। उन्होंने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मजदूरी से जीवनयापन करता है परिवार

मृतक तीन युवकों के परिजन खेती किसानी और गांव में मजदूरी कर किसी तरह जीवनयापन करते हैं।शुक्रवार को अधिकांश घरों में चूल्हे नहीं जले चारों तरफ गांव के तीन लोगों की मौतों का जिक्र था तीनों मृतक खेती के साथ मेहनत मंजूरी करके जीवन यापन करते थे। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी ने बताया कि अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर सड़क किनारे दुकानों और घरों पर लगे सीसीटीवी की मदद से ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है।

## पेड़ से फांसी लगाकर महिला ने दी जान

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर में एक बुजुर्ग महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर के परवर पश्चिम निवासी स्व. जगन्नाथ की विधवा पत्नी जगरानी उम्र 65 वर्ष अपने बेटे लाल बहादुर के साथ रहती थी। लाल बहादुर का कहना है कि उनकी मां जगरानी कुछ दिनों से दिमागी रूप से विक्षिप्त चल रही थी। उनका मानसिक संतुलन ठीक ना होने के कारण वह अक्सर बड़बड़ाती रहती थी। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे जगरानी घर से किसी को बिना बताए कहीं चली गई। दोपहर को लोगों ने गांव के बाहर राकेश सिंह के आम की बाग में जगरानी को आम के पेड़ से साड़ी के सहारे मृत अवस्था में लटका देख इसकी सूचना परिजनों को दी।सूचना के बाद पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। जानकारी पाकर पहुंची बिजनौर पुलिस ने शव को नीचे उतार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा का कहना है कि शुरूआती जाँच पड़ताल में पता चला है जगरानी अपने पति की मौत के बाद से परेशान रहने लगी थी और कुछ दिनों बाद दिमागी संतुलन खराब हो गया।इंस्पेक्टर का कहना है कि इसी से परेशान होकर जगरानी ने आत्महत्या कर ली है।

## उपजिलाधिकारी व सहायक पुलिस आयुक्त ने पार्किंग स्थल का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज तहसील के पीछे शुक्रवार के दिन एसीपी रजनीश वर्मा व एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा व नगर पंचायत ने अस्थाई पार्किंग स्थल का जायजा लिया एसीपी रजनीश वर्मा व एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा को द्वारा नगर पंचायत के सहयोग से खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर अस्थाई पार्किंग बनाये जाने का निर्णय किया गया है आए दिन कस्बा में सड़को पर जाम की समस्या देखने को मिलती थी जिसके बाद एसीपी रजनीश वर्मा के काफी प्रयास के बाद मुख्य मार्ग पर तहसील गेट के इर्द गिर्द नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया गया और जाम की



समस्या से एक लेन में निजात मिल गई है इसी क्रम में लिंक मार्गो को भी जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये नगर पंचायत के अधिकारी के सहयोग से चिन्हित स्थानों पर अस्थाई पार्किंग बनाये जाने का निर्णय लिया गया। पार्किंग स्थल बन जाने से लोग अपने वाहनों को सड़कों पर पार्क करने की जगह अस्थाई पार्किंग स्थल पर वाहनों को पार्क करेंगे जिससे नेशनल हाइवे से लिंक मार्गो से जाम की समस्या से राहगीरों को काफी राहत मिल सकेगी।

## लखनऊ में गैस गोदाम में फटा सिलेंडर, छह से अधिक लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दुबग्गा के मुदार्पुर ग्रीन सिटी में शुक्रवार शाम घर के अंदर हो रही अवैध रीफिलिंग के दौरान एलपीजी सिलिंडर में ब्लास्ट से अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों के मकान में दरार आ गई।लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हादसे में बच्चे समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आनन फानन अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया और मौक से 96 घरेलू सिलिंडर बरामद किए हैं।उधर, ब्लास्ट के बाद से मकान मालिक अशोक गुप्ता मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।दुबग्गा के मुदार्पुर स्थित ग्रीन सिटी में अशोक गुप्ता परिवार के साथ रहता है।

## 14 वर्षीय बालिका वधू बनने से बच गयी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।भारत सरकार ने 27 नवंबर को बाल-विवाह मुक्त भारत बनाने का अभियान शुरू किया था।इसी अभियान के क्रम में विकास खण्ड माल के अंतर्गत के 14 वर्षीय नाबालिग की शादी सूचना प्राप्त हुई। शुक्रवार को उसकी तिलक चढ़ाने वाली थी।

उसी समय संवाद सामाजिक संस्थान, के आलोक मिश्रा, आकाश चइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर जय सिंह, वन स्टॉप सेंटर अर्चना सिंह, काउंसलर सोनल श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक सालिनी सोनकर एवं इंस्पेक्टर माल की संयुक्त टीम नाबालिग बच्चे के घर पहुंची, मौके पर बालिका का शैक्षिक दस्तावेज चेक किया जिसके अनुसार उसकी उम्र 14 वर्ष थी। संयुक्त टीम ने बताया कि अपनी संतान को तब तक शादी के बंधन में नहीं बांधेंगे, जब तक वह पूरे 18 साल की नहीं हो जाती।

देश में 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के और 18 साल से कम आयु की लड़की की शादी बाल विवाह की श्रेणी में आती है जो कानूनन अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत दोषी को दो वर्ष तक के सश्रम कारावास अथवा एक लाख रुपये तक के जुमार्ने या दोनों सजाओं का प्रावधान है।

# डीएम की अध्यक्षता में हक की बात के साथ मेगा इवेंट का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा माह अक्टूबर, 2024 से माह दिसम्बर, 2024 तक आयोजित होने वाली गतिविधियों के तहत जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में निराला प्रेक्षागृह उन्नाव में हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा इवेन्ट) का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों की हाईस्कूल से इण्टरमीडिएट तक की लगभग 525 बालिकाओं से उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलकूद आदि विषयों पर चर्चा की गयी तथा बालिकाओं का मार्गदर्शन किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जनपद में



महिलाओं/बालिकाओं के क्षेत्र में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार व महिला कल्याण विभाग की 20 उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभागीय महिला अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। दृढ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर प्रत्येक महिला/छात्रा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है। इसके लिए आज इस टेक्नोलॉजी के दौर में अपने घर पर रहकर इंटरनेट के माध्यम से भी विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में अपना कैरियर बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेमप्रकाश मीणा, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण तेजवन्त सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डा0 नीलम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुगंधा चतुर्वेदी, नगर क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित वन स्टॉप सेन्टर, चाईल्ड हेल्पलाइन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी एवं जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे

# विद्युत उपभोक्ता समाधान के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बिजली बिल बकायेदारों हेतु छूट का लाभ पाने के लिए विधुत विभाग की तरफ से एक मुश्त समाधान जमा योजना के तहत जागरूकता रैली निकालकर उपभोक्ताओं को विद्दयुत बिलों में ब्याज में छूट हेतु मिलने वाले लाभों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। ज्ञात हो विधुत विभाग की तरफ से बकाएदारों हेतु एक मुश्त बिजली बिल जमा करने पर लाभ देने की रूपरेखा बनाई गई इस योजना का लाभ पाने के लिए तीन श्रेणी तय की गई है एक मुश्त जमा योजना में बकाया राशि जमा करने पर छूट की रूपरेखा बनाई गई इस योजना के तहत लाभार्थियों को तीन श्रेणी में बांटा गया है जिसकी तारीख व समय निश्चित किया गया है। विभाग के नियमानुसार बकाया राशि जमा करने



वाले उपभोक्ताओं को आकर्षक छूट दी जा रही है। इस एकमुश्त समाधान योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए लोगो में जागरूकता लाने हेतु बांगरमऊ पावर हाउस के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को दोपहर करीब एक जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान पोस्टर बैनर के माध्यम से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई।इस दौरान अधिशाषी अभियंता इ. राजनाथ यादव व उपखंड अधिकारी इ.राम इकबाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय विद्युत विभाग कर्मियों की टोली मौजूद रही। टोली में क्षेत्रीय अवर अभियंता श्री संतोष श्रीवास्तव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### भागवत कथा सुनने से मन कभी नहीं होता तृप्त

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आज कथा व्यास पं0 अंकुर दीक्षित जी ने कहा भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया। तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है। यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपनी आंखें खोली। और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। हिरणकश्यप के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भागवत विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण करके जिसका मुख शेर का व धड़ मनुष्य का था। प्रगट हुए भगवान नरसिंह अत्याचारी दैत्य हिरण्याक्ष को पकड़ कर उदर चीर कर वध किया। आज गज और ग्राह कथा, समुद्र मंथन की कथा, कृष्ण जन्म की कथा, आदि धार्मिक प्रसंगों को आत्मसात करने के लिए भक्त देर सायं तक उपस्थित रहे। कथा आयोजक हरिशंकर यादव ने आरती कर प्रसाद वितरण कराया।

### आम आदमी पार्टी ने कुलदीप यादव को बनाया जिलाध्यक्ष

उन्नाव। आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल द्वारा उन्नाव जनपद का जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव को बनाया है आप ने दोनो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है कुलदीप यादव महनौरा नवाबगंज से हैं पूर्व में पुरवा विधान सभा से चुनाव लड़ चुके हैं और वर्तमान में आम आदमी पार्टी से जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा के हैं। अब उन्नाव जिले की कमान संभालेंगे कुलदीप यादव ने कहा पार्टी की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे निभाने में दिन रात एक कर देंगे कुलदीप यादव ने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है समाजसेवी विचार धारा समाज कल्याण हित उनको अलग पहचान देता है आम आदमी पार्टी का विस्तार पर बोले कुलदीप यादव जिले में जल्द से जल्द विस्तार किया जाएगा पार्टी को मजबूत करना ही मेरा दायित्व है। शीर्ष नेताओं ने मुझ पर भरोसा किया है उस पर खरा उतरना है।

### आयोजित की जाएगी अंडर 14 जनपदीय क्रिकेट लीग

उन्नाव। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 14 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत पंजिकृत 52 बच्चों का ट्रायल कराकर उन्हे बराबर से चार टीमों में बांटा गया।डी. सी. ए. रेड, डी.सी.ए ब्लू, डी.सी.ए ग्रीन, डी.सी.ए येलो के मध्य कल से अंडर 14 जनपदीय क्रिकेट लीग खेली जाएगी। जिसका पहला मैच कल दिनांक 7/12/2024 को प्रातः 8 बजे से डी.सी.ए रेड तथा डी.सी.ए ब्लू के मध्य खेला जाएगा। जिसकी जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने दी। आज के ट्रायल में मुख्य रुप से नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, विकास अवस्थी, ओम मिश्रा, मो शाकिर, राकेश अस्थाना, सुभाष दीक्षित मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में चार घायल, दो की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के बल्लपुर गाँव निवासी अंकित 22 पुत्र हरिबाबू अपनी अपनी बाइक पर पत्नी काजल 20 वर्ष को बिठाकर बांगरमऊ किसी काम से आ रहा था तभी हरदोई उन्नाव मार्ग पर जगटापुर गांव के समीप पहुंचते ही किसी अज्ञात लीडर ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक चला रहा पति गंभीर रूप से घायल हो गया पत्नी को मामूली चोटे आई।दूसरी घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संडीला मार्ग पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडरपास के समीप एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार राजकुमार 21 पुत्र सुंदरलाल और पीछे बैठी पत्नी विमला को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में पति राजकुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया और उसकी पति को मामूली चोटें आई है। घायलों को 108 एंबुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक




उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है वहीं दोनों घायलों के परिजन अलग-अलग किसी निजी अस्पताल निजी वाहन से लेकर चले गए।

# रेलवे स्टेशन के पास बनी दिवाल में फंसा गौवंश, आस पास के लोगों ने बचाई जान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर एक अजीब घटना घटी, जब एक गौवंश रेलवे स्टेशन के पास बनी दीवार में फंस गया। गौवंश की चिल्लाने की आवाजें सुनकर यात्रियों और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के जवानों ने त्वरित कार्रवाई की और उसे सुरक्षित निकालने के प्रयास शुरू किए।घटना उस समय की है, जब गौवंश प्लेटफार्म के पास की दीवार में फंस गया। दीवार में फंसे हुए जानवर की आवाजें सुनकर आसपास के लोग अचंभित हो गए। जब यह स्पष्ट हुआ कि गौवंश दीवार में फंस चुका है और उसे बाहर निकालने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा, तो स्टेशन पर तैनात फढऋ के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे।फढऋ जवानों ने गौवंश को



सुरक्षित बाहर निकालने के लिए टीम बनाई और दीवार को तोड़ने की योजना बनाई। इस दौरान यात्रियों ने भी RPFजवानों की मदद की। कई यात्रियों ने दीवार के आसपास की जगह साफ की ताकि RPFके जवानों को कार्य में आसानी हो। जवानों की मेहनत और यात्रियों की मदद से दीवार को तोड़ा गया और गौवंश को बाहर निकाला गया।इसके बाद, गौवंश को कुछ देर के लिए आराम देने के लिए एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। इस साहसिक प्रयास के लिए यात्रियों और आसपास के लोगों ने RPF जवानों की बहादुरी की सराहना की। उनका कहना था कि इस घटना से यह साबित होता है कि रेलवे सुरक्षा बल न केवल मानव जीवन की रक्षा करता है, बल्कि पशु जीवन की सुरक्षा में भी अपनी जिम्मेदारी निभाता है।

# हत्या के आरोपी की उपचार के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्ह नगर निवासी पत्रकार शुभमणि त्रिपाठी की चार साल पहले सहजनी में हुई हत्या के मुख्य आरोपी कन्हैया अवस्थी की शुक्रवार को लखनऊ के केजीएमयू में उपचार के दौरान मौत हो गई। कन्हैया अवस्थी को गुरुवार को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीते सोमवार को अचानक उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था, बाद में बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया।19 जून 2020 को शुभमणि त्रिपाठी की सहजनी में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कन्हैया अवस्थी, उसकी पत्नी दिव्या अवस्थी और अन्य पर हत्या का आरोप है। कन्हैया अवस्थी की जमानत सुप्रीम कोर्ट से तीन बार खारिज हो चुकी थी। हाल ही में, कई दिनों से उसकी तबीयत बिगड़ रही थी, और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।अब तक इस हत्याकांड में पांच आरोपी जेल में हैं, जबकि कुछ आरोपी जैसे दिव्या अवस्थी, राघवेन्द्र अवस्थी और अन्य अभी भी जेल में बंद हैं। जमानत पर कई आरोपियों की रिहाई हो चुकी है, जिनमें शानू उर्फ गांधी की जमानत हाल ही में हाईकोर्ट ने मंजूर की है।न्यायालय में आरोपियों की जमानत प्रक्रिया जारी है, और संबंधित गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। हाईकोर्ट ने मामले में जल्द से जल्द फैसला सुनाने के निर्देश दिए हैं। शानू की जमानत हाईकोर्ट ने की मंजूर मुकदमे में आरोपित मोहम्मद शानू उर्फ गांधी की जमानत अर्जी उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर उसे जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।इस हत्याकांड में पुलिस अब तक एक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है, जो वांछित है।

# यातायात पुल का टीम ने किया विस्तृत निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज में स्थित पुराने यातायात पुल के ढहने और शुक्लागंज के पास तीन नंबर कोठी में बढ़ती दरार की स्थिति को लेकर पीडब्ल्यूडी और सेतु निगम की टीम ने हाल ही में विस्तृत निरीक्षण किया। पिछले महीने की 26 तारीख को पुराने यातायात पुल का एक हिस्सा भरभराकर गंगा नदी में गिर गया था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया था।अब शुक्लागंज की ओर स्थित तीन नंबर की कोठी में भी बड़ी दरारें पड़ने लगी हैं, जो दिन-प्रतिदिन और गहरी होती जा रही हैं। इस दरार का वीडियो सामने आने के बाद संबंधित अधिकारियों ने तत्काल मौके का दौरा किया और मामले को गंभीरता से लिया।26 नवम्बर को पुराने यातायात पुल का एक बड़ा हिस्सा गिरकर गंगा में समा गया था। पुल के गिरने के बाद अधिकारियों ने स्थिति का आकलन किया और निवारक उपायों की दिशा में काम शुरू किया।

इस घटना के बाद अब शुक्लागंज क्षेत्र में तीन नंबर की कोठी के नीचे स्थित मकानों में भी बड़ी दरारें देखने को मिली हैं। इस दरार का वीडियो सामने आया, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी और सेतु निगम की टीम मौके पर पहुंची। टीम में सेतु निगम के सहायक अभियंता धर्मेन्द्र कुमार, पीडब्ल्यूडी के एई सुभाष यादव और राज्य सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक बीके सेन के साथ ही अन्य अधिकारी भी थे।टीम ने जब तीन नंबर कोठी का निरीक्षण किया तो पाया कि कोठी में दरारें काफी बढ़ चुकी हैं और कोठी की स्थिति चिंताजनक है।

अधिकारियों ने देखा कि दरार इतनी बड़ी हो चुकी है कि यह कभी भी और बढ़ सकती है, जिससे खतरा हो सकता है। इस स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने तुरंत वहां रहने वाले लोगों से मकान खाली करने का आदेश दिया। कुछ लोग पहले ही अपने मकान खाली कर चुके थे, जबकि कुछ लोग अब अपना सामान निकालने की तैयारी कर रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्लागंज की ओर कोठी काफी कमजोर हो गई है और इसके नीचे रहने वालों के लिए यह स्थान अब असुरक्षित हो चुका है। पुराने यातायात पुल के नीचे करीब बीस मकान बने हुए हैं, जिनमें अधिकांश कोठी और अन्य भवन शामिल हैं। पुल के गिरने के बाद से इन मकानों में रहने वाले लोग भयभीत हो गए थे और अब दरारों के बढ़ने के साथ उन्होंने पूरी तरह से यहां से पलायन शुरू कर दिया है। कुछ लोग अपने घरों में ताले डालकर जा चुके हैं, जबकि अन्य लोग अपने सामान को सुरक्षित करने में लगे हैं।

# गड्ढों के तब्दील हुआ मार्ग जिम्मेदार बने अनजान



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई, उन्नाव रोड पर नवोदय विद्यालय के पास से मिट्ठू खेड़ा गांव होते हुए ऊगू कस्बा तक जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। इस मार्ग पर वाहन लेकर चलना जोखिम भरा हो गया है। पूरा मार्ग टूट चुका है। डामर का कोई पता ठिकाना नहीं रह गया है। ग्रामीणों से लेकर ऊगू कस्बे तक के लोगों ने इस मार्ग को बनवाने की मांग प्रशासन से की है। हरदोई उन्नाव रोड से खड़ेहरा नाला पुल के पास से एक डामर रोड मिट्ठू खेड़ा गांव होते हुए ऊगू कस्बा तक गया है जिससे होकर रज्जाक पुर सैता पट्टी जगदीशपुर, ऊगू आदि दर्जनों गाँवो के लोग फतेहपुर चौरासी ब्लाक थाना अस्पताल तथा बाजार आदि आते जाते हैं। लेकिन मार्ग टूट जाने और उसपर गहरे गड्ढे हो जाने के कारण आये दिन दो पहिया वाहन सवार गिरकर चोटिल हो जाते हैं। मार्ग टूटा होने के कारण लोगों को चार किमी की दूरी हुलासी कुआँ होते हुए लगभग दस किमी की दूरी तय करनी पडती है।

# ड्रोन से किसानों के खेती में खड़ी आलू की फसल में दवा का किया छिड़काव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। दवा एवं बीज निमार्ता कंपनी के ड्रोन से क्षेत्र में किसानो की आलू की फसल में दवा का छिड़काव किया गया। बीज विक्रेता के सहयोग से उपलब्ध कराए गए ड्रोन का आधा खर्च किसान तथा आधा कंपनी वहन करेगी।ड्रोन आने से कम समय में अधिक काम के साथ किसानों का नुकसान भी कम होगा। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम खैरी गुरदासपुर में शुक्रवार को किसान कृष्णप्रकाश मिश्र उर्फ धुन्नू की 4 एकड़ आलू की फसल में ड्रोन से दवा का छिड़काव किया।दवा एवं बीज निमार्ता कंपनी सेजेंटा के ड्रोन को जनपद कानपुर के कस्बा शिवराजपुर के यादव बीज भंडार के सहयोग उपलब्ध कराया गया। सेजेन्टा कम्पनी के टी एम सुबोध गंगवार ने बताया कि ड्रोन दवा छिड़काव का प्रति एकड़ पांच सौ रुपये चार्ज निर्धारित है लेकिन सेजेन्टा कम्पनी इसका आधा खर्च स्वयं निर्वाहन करेगी किसान को केवल दो सौ पचास रुपये प्रति एकड़ ही देना है। क्षेत्रीय किसान कृष्णप्रकास मिश्रा श्याम जी धर्मेंद्र मोहित मिश्रा बबलू मिश्रा आदि ने आलू की फसल में ड्रोन द्वारा दवा का छिड़काव करवाया।किसानों ने बताया कि ड्रोन आने से भीषण सर्दी व कोहरे में किसानों को फसलों में दवा छिड़काव में होने वाली परेशानियो से बचाव होगा साथ ही कम समय मे अधिक काम हो जाएगा तथा ड्रोन से दवा छिड़काव से पौधों का भी कम नुकसान होगा।

# ऐतिहासिक तकिया मेले को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हिन्दू-मुस्लिम एकता व साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक एवं सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक तकिया मोहब्बत शाह मेला की तैयारियों को लेकर कलेक्टेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड द्वारा तकिया मेला समिति की बैठक की गयी।

जनपद के बीघापुर तहसील के पाटन नामक स्थान पर लगने वाला ऐतिहासिक तकिया मेला 19 दिसम्बर 2024 से 18 दिनो तक आयोजित किया जायेगा। परम्परागत रूप से इस मेले में मोहब्बत शाह बाबा की मजार पर चादरपोशी व सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव मन्दिर मे पूजा अर्चना की जाती है। इस मेले में हिन्दू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, इसलिए इस मेले को हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है।

मेला समिति की बैठक में अपर जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से मेला के इतिहास के बारे में जानकारी ली तथा सदस्यों द्वारा रखे गये प्रस्तावों/सुझावों के अनुसार मेला को पूरी गरिमा व भव्यता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश मेला अधिकारी/उप जिलाधिकारी बीघापुर को दिये। उन्होने कहा कि मेला परिसर में मेलार्थियों की सुविधा हेतु खोया पाया केन्द्र का संचालन तथा बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले आदि की व्यवस्था की जाए। मेला अधिकारी/उप जिलाधिकारी बीघापुर को निर्देश दिये कि विभिन्न विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लें, और मेले के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु क्षेत्राधिकारी बीघापुर के साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, वाहन व्यवस्था, बैरीकेटिंग व्यवस्था, अलाव व्यवस्था, पशु चिकित्सा, सचल शौचालय, विद्युत व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले के दौरान विभागीय स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से मेलार्थियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, एएसपी अखेलश कुमार सिंह, मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह, सीवीओ डा0 महावीर सिंह, डीएसओ राज बहादुर सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित मेला समिति के सदस्य अनिल सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# नवागंतुक पुलिस क्षेत्राधिकारी का रूट मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज सर्किल में नवागंतुक पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा के साथ नगर कस्बे में पैदल रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। शुक्रवार को जुमा की नमाज के मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड पर रही। रूट मार्च के दौरान क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जगह जगह रूक कर जनता से संवाद कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने का अपील किया। तहसीलदार कैसरगंज और प्रभारी निरक्षक पुलिस टीम के साथ प्रमुख मस्जिदों का निरीक्षण करते हुए वहां लगे लाउडस्पीकरों की जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि ध्वनि नियमों का पालन हो और किसी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि प्रशासन जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। जुमा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने स्थानीय लोगों और धार्मिक नेताओं से भी सहयोग मांगा।नगरवासियों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और सुरक्षा के प्रति भरोसा जताया पुलिस की सतर्कता और संवेदनशीलता ने क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

# मंदिरो मे चोरी व हमारे देवी देवताओं के वत्रों व धार्मिक ग्रंथो को फाड़ना आस्था पर चोटः विमल द्विवेदी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा के प्राचीन सुप्रसिद्ध देवी मंदिर आनंदेश्वरी मे चोरी व धार्मिक ग्रंथो व देवी देवताओ को फड़ना हिन्दू ओ की आस्था को चोट पहुंचना हैं फोन पर मिली सूचना पर मौके पर पहुचे नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व प्रखर हिन्दू नेता विमल द्विवेदी ने ऐसी चोरी की घटना की बार बार पुनरावृति होना दुर्भाग्य पूर्ण हैं इससे पूर्व मे भी चार बार चोरी हो चुकी हैं विमल द्विवेदी ने बताया कि चोरी के साथ साथ जिस तरह देवी के वस्त्रो व धार्मिक ग्रंथो फाड़ा गया हैं उससे प्रतीत होता हैं कि ये सीधे सीधे हिन्दू ओ की आस्था को चोट पहुंचने व माहौल खराब करने का प्रयास हैं और कही न कही ये दूषित मानसिकता के लोग बंगाल व संभल से प्रेरित होकर ऐसी घटनाओ को अंजाम दे रहे हैं उन्होंने कहा कि घटना खुलासा जल्द से जल्द होना चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए जिससे ऐसी घटनाओ की पुनरावृति न हो पुलिस द्वारा चोरी का मुकदमा दर्ज कर जल्द खुलासे का अस्वासन दिया हैं इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी हीरालाल त्रिपाठी, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, विमल बाजपेई, बाल शंकर त्रिपाठी, देवेश गुप्ता आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बाजार से सामान लेकर घर जा रहे युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक का कानपुर के हैलेट अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम रुस्तमपुर निवासी जगन्नाथ ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका लगभग 32 वर्षीय पुत्र सुनील बीते बुधवार को क्षेत्र के जाजामऊ विकासभवन की बाजार से सामान लेकर घर वापस आ रहा था वह अटिया कबूलपुर तिराहे के पास ही पहुँचा था कि तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था।राहगीरों की सूचना पर वह परिजनो के साथ पहुंचा तथा पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल ले गए।जगन्नाथ ने अपनी तहरीर में बताया है कि सुनील का कानपुर के हैलेट अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां शुक्रवार को भोर पहर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।सुनील की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।पिता की सूचना पर थाना पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सम्पादकीय

# कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें सरकारें

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार व उत्पीड़न काफी पीड़ादायक है। आज भी हमारे सरकारी व निजी दफ्तर महिला फ्रेंडली नहीं बन सके हैं। सरकार की कई गाइडलाइन्स, अदालतों की हिदायत और कानूनी कवच के बावजूद कार्यस्थल महिलाओं के लिए मुफीद नहीं हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में सालाना हजारों मामले होते हैं, इनमें से सैकड़ों ही प्रकाश में आते हैं और कुछेक सौ की ही रिपोर्ट दर्ज होती हैं। लेकिन हर वर्ष पिछले वर्ष से अधिक मामले दर्ज होते हैं, यह वानगी है कि देश में सरकारी व निजी कार्यस्थल महिलाओं के लिए पूर्णतया सेफ नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का देशव्यापी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी सरकारी विभागों एवं उपक्रमों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने का निर्देश दिया है। चूंकि, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। इसलिए शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 दिसंबर, 2024 तक प्रत्येक जिले में एक अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो 31 जनवरी, 2025 तक एक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करेगा और तालुका स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने उपायुक्तों/जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि वे अधिनियम की धारा 26 के तहत आंतरिक शिकायत समिति अनुपालन के लिए सार्वजनिक और निजी संगठनों का सर्वेक्षण करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। भारत में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए, वर्ष 2013 में 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम' लागू किया गया। इस अधिनियम के तहत, यौन उत्पीड़न की शिकायत करने के लिए, पीड़ित महिला या उसकी ओर से कोई भी व्यक्ति आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय समिति के पास शिकायत दर्ज करा सकता है। इस अधिनियम के तहत, कार्यस्थल पर अगर संगठन में दस या उससे ज़्यादा कर्मचारी हैं, तो शिकायत आंतरिक शिकायत समिति के पास दर्ज करानी होती है। अगर संगठन में दस से कम कर्मचारी हैं, तो शिकायत जिला अधिकारी द्वारा गठित स्थानीय समिति के पास दर्ज करानी होती है। अगर नियोक्ता आंतरिक शिकायत समिति नहीं बनाता या अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उस पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर कोई संगठन में जाने वाली महिला उस संगठन के किसी कर्मचारी से परेशान होती है, तो वह उस संगठन की आंतरिक समिति के पास शिकायत दर्ज करा सकती है। निजी क्षेत्र में कार्यस्थल पर महिलाएं अधिक शिकार होती हैं, घरेलू महिलाकर्मियों के साथ भी ऐसी घटनाओं की संभावना अधिक रहती है। अमेरिकी ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक, भारत में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए कानून के पालन में बहुत सारी खामियां हैं। मीटू कैंपेन ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की भयावहता उजागर की थी। राज्य सरकारों व स्थानीय प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि कार्यस्थल महिलाओं के लिए सुरक्षित रहें, उनका यौन उत्पीड़न न हो। कामकाजी महिलाओं को भी अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए और हर स्तर पर एहतियात बरतनी चाहिए।

# मजबूत हो रही भारतीय नौसेना



डॉ. एल. एस. यादव

भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है जिससे वह आने वाले दिनों में और अधिक ताकतवर हो जाए। नौसेना को इस माह के अंत तक एक नया गाइडेड मिसाइल युद्धपोत प्राप्त हो जाएगा। रूस द्वारा तैयार किए गए दो युद्धपोतों में से आईएनएस तुशील पहला है। रूस-यूक्रेन युद्ध के लम्बा खिंचने के कारण इसकी प्राप्ति में विलम्ब हो गया। इसी युद्ध के चलते एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम और परमाणु पनडुब्बी के मिलने में भी देरी होने की संभावना है। आईएनएस तुशील युद्धपोत ब्रह्मोस मिसाइलों सहित अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा। तुशील के मिलने के बाद अगले वर्ष आईएनएस तमाल गाइडेड मिसाइल युद्धपोत मिल जाएगा।

पाकिस्तान व चीन की रक्षा तैयारियों को देखते हुए भारतीय नौसेना को अत्यन्त आक्रामक बनाया जा रहा है। हिन्द महासागर क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नौसेना का मुख्य फोकस रणनीतिक रूप से चीन की बढ़ती मौजूदगी का मुकाबला करने के लिए है। इसलिए भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है जिससे वह आने वाले दिनों में और अधिक ताकतवर हो जाए। समुद्र में भारत की ताकत बढ़ाने के लिए नौसेना को इस माह के अंत तक एक नया गाइडेड मिसाइल युद्धपोत प्राप्त हो जाएगा। रूस द्वारा तैयार किए गए दो युद्धपोतों में से आईएनएस तुशील पहला है। रूस-यूक्रेन युद्ध के लम्बा खिंचने के कारण इसकी प्राप्ति में विलम्ब हो गया।

इसी युद्ध के चलते एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम और परमाणु पनडुब्बी के मिलने में भी देरी होने की संभावना है। आईएनएस तुशील युद्धपोत ब्रह्मोस मिसाइलों सहित अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा। तुशील के मिलने के बाद अगले वर्ष आईएनएस तमल गाइडेड मिसाइल युद्धपोत मिल जाएगा। इन दोनों पोतों के मिलने से भारतीय नौसेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग सैन्य तकनीकी सहयोग की बैठक के लिए इसी माह रूस का दौरा करने वाले हैं। इन गाइडेड मिसाइल युद्धपोतों में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित अत्याधुनिक घातक हथियार तथा सैन्य अभियानों को अंजाम देने के लिए सेंसर लगाए गए हैं। तुशील गाइडेड मिसाइल युद्धपोत इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला से सुसज्जित है। इसमें एंटी सबमरीन रॉकेट और तारपीडो लगाए गए हैं। इसकी लम्बाई लगभग 129 मीटर है। इसकी स्पीड 30 नॉटिकल मील प्रति घण्टा है। तुशील का वजन 3600 टन से ज्यादा है। इसमें 180 नौसैनिक यात्रा कर सकते हैं। भारत और रूस के बीच वर्ष 2016 में चार तलवार क्लास के स्टील्थ फ्रिगेट बनाने के समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें से दो रूस में और दो भारत में बनाए जाने थे। भारत में बनने वाला विशाखपट्टनम क्लास का चौथा गाइडेड मिसाइल युद्धपोत शीघ्र ही मिलने की उम्मीद है। यह 7400 टन वजन वाला है। इसमें लगी ब्रह्मोस मिसाइलें लम्बी दूरी तक मार करने में सक्षम हैं। इसी वर्ष नीलगिरि फ्रिगेट भी नौसेना को मिलने वाला है। इसका वजन 6670 टन है और इसमें आठ ब्रह्मोस मिसाइलें लगी हैं। विदित हो कि भारतीय नौसेना वर्श 2003 तलवार क्लास के जंगी जहाज षामिल हो रहे हैं। वर्तमान में इस श्रेणी के छह स्टील्थ फ्रिगेट्स नौसेना के बेड़े का हिस्सा हैं। इनमें से चार को ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस कर दिया गया है और दो पर काम चल रहा है। इन युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से भारत की समुद्री ताकत काफी बढ़ जाएगी।

भारतीय नौसेना ने 27 नवम्बर 2024 के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। नौसेना ने यह परीक्षण परमाणु पनडुब्बी अरिघात से किया। इस पनडुब्बी को 2017 में लॉन्च किया गया था। अब इसका अपग्रेड वर्जन षीघ्र ही कमीशन किया जाना है। परमाणु पनडुब्बी अरिघात आईएनएस अरिहंत का अपग्रेडेड



वर्जन है। इस पनडुब्बी को विशाखापट्टनम में नौसेना के शिपबिल्डिंग सेंटर में निर्मित किया गया था। अब अरिहंत की तुलना में 6000 टन वजन वाली अरिघात के नये वर्जन को के-4 मिसाइलों से लैस किया जाएगा। इस परीक्षण में के-4 मिसाइल अपने सभी तय मानकों पर खरी उतरी। पनडुब्बी से इस मिसाइल का यह पहला परीक्षण था। वर्ष 2010 में इसका सबसे पहले परीक्षण किया गया था। तबसे अब तक इसके कई परीक्षण किए जा चुके हैं। यह मिसाइल 10 मीटर लम्बी और 20 टन वजन वाली है। यह एक टन वजन का पेलोड ले जाने में सक्षम है।के-4 मिसाइलों की मारक दूरी 3500 किलोमीटर तक है। इसलिए बंगाल की खाड़ी में जब इन मिसाइलों को तैनात किया जाएगा तो ये मिसाइलें चीन के मेनलैंड तथा दक्षिण व पश्चिमी इलाके तक के क्षेत्र को अपने निषाने पर ले लेंगी। यही नहीं अपनी मारक क्षमता के तहत ये चीन राजधानी बीजिंग को भी निशाने पर ले सकती हैं। अरिघात 50 दिन से ज्यादा पानी के अंदर रह सकती है। इसलिए यह चीन के जासूसी जहाजों की नजरों से बचकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे सकती है। अगर पाकिस्तान से मुकाबले की बात आती है तो अरिघात में तैनात होने पर ये इस्लामाबाद को भी नेस्तनाबूद कर सकती हैं। इन मिसाइलों से नौसेना की विध्वंसक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। गौरतलब है कि भारत के पास पनडुब्बी से दागी जाने वाली मिसाइलों में कम दूरी की मारक क्षमता वाली के-15 मिसाइलें हैं। ये मिसाइलें 750 किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम हैं। पनडुब्बी आईएनएस अरिहन्त में ये मिसाइलें तैनात हैं। इसके अलावा भारत के पास भारत का रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द इंटर कॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल के-5 पर काम कर रहा है। उम्मीद है कि इसकी मारक दूरी 5000 किलोमीटर से भी ज्यादा होगी। इन सभी की तुलना में के-4 मिसाइलें ज्यादा सटीक, बेहतर एवं आसानी से ऑपरेट होती हैं। भारत की नीति यह है कि वह पहले किसी पर परमाणु हमला नहीं करेगा लेकिन यदि उस पर हमला हुआ तो वह उसे छोड़ेगा नहीं। ऐसी स्थिति में ये मिसाइलें काफी कारगर सिद्ध होंगी। नवम्बर 2024 में ही गोला बारूद नौका एलएसएएम-12 यार्ड 80 नौसेना को प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि ऐसी कुल आठ नौकाओं के निर्माण के लिए विशाखापट्टनम की मैसर्स सेकॉन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया समझौता इस साल 19 फरवरी 2024 को पूरा हो गया था। इन नौकाओं के नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल होने से उसकी परिचालन क्षमता में काफी वृद्धि हो जाएगी। इन नौकाओ को स्वदेशी रूप से डिजाइन करने के लिए भारतीय जहाज इंजीनियरिंग फर्म से सहयोग लिया गया। इसके अलावा नौसेना की विशाखापट्टनम की विज्ञान एवं तकनीकी प्रयोगषाला में इनका मॉडल सफलतापूर्वक तैयार किया गया जिससे इसकी समुद्री योग्यता का आकलन किया जा सके।

इनका निर्माण भारतीय नौवहन रजिस्टर के निश्चित नियमों के तहत किया गया है। नौसेना के लिए निर्मित किया गया पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत अपनी पूर्ण परिचालन क्षमता को हासिल कर चुका है। अब यह युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नौसेना इसे कहीं भी तैनात कर सकती है। इस पोत पर तैनात होने वाले 30 विमान बेड़े में 18 मिग-29 तथा 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ इस पोत पर तैनात रहेंगे। इन सभी के मिलने के बाद भारतीय नौसेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

## पड़ोस

आर.के. सिन्हा



# पाक में क्यों बह रहा शिया मुसलमानों का खून

मोहम्मद अली जिन्ना ने जिस इस्लामिक देश पाकिस्तान को बनवाया था, वहां मुसलमान ही अब मुसलमानों की जान के दुश्मन हो गये हैं। वहां सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए हालिया संघर्ष में 130 से ज्यादा लोगों का खून बहा। हिंसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में 24 करोड़ की आबादी में शिया मुस्लिम लगभग 15 प्रतिशत ही हैं। पाकिस्तान में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच का हालिया संघर्ष जटिल है, जिसकी जड़ें सदियों पुरानी धार्मिक और राजनीतिक विभाजन के इतिहास पर टिकी हैं। वैसे तो कुछ कट्टरपंथी समूह दोनों पक्षों में ही मौजूद हैं जो हिंसा का इस्तेमाल करके ही अपने धार्मिक विचारों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। ये समूह साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और हिंसा को सही ठहराते हैं। पाकिस्तान में सुन्नी समुदाय कतई शिया मुसलमानों को पसंद नहीं करते। इससे साफ है कि इस्लाम अपने मानने वालों को भी नहीं जोड़ता। हालांकि बातें बहुत होती हैं कि सारी दुनिया के मुसलमान एक हैं। लेकिन, ये अपनी इस बात को तो स्वयं ही बार-बार गलत साबित करते रहते हैं। पाकिस्तान में शिया मस्जिदों में धमाके और विस्फोट होना भी आम बात हो चुकी है। पेशावर में मई, 2022 में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान हुए दिल दहलाने वाले आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 60 से अधिक शिया नमाजी मारे गए थे।। हमलावरों ने निशाना बनाया था शिया मुसलमानों और उनकी इबादतगाह को। यह भी याद रखा जाए कि एक इस्लामिक मुल्क में ही शिया मुसलमानों का जीना मुश्किल हो गया है।

वे हर वक्त डर-भय के साए में जीने को मजबूर बने रहते हैं। यह हाल उस पाकिस्तान का है जो मुसलमानों के वतन के रूप में बना था। पेशावर की शिया मस्जिद में हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के ख़िलाफ़ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं। वहां पर शिया मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने वाला साहित्य भी हर जगह आसानी से वहाँ पर आम लोगों को आसानी से उपलब्ध है। तालिबान और इसी तरह के अन्य अतिवादी समूहों के विचारों का प्रभाव पाकिस्तान में है, जो साम्प्रदायिक संघर्षों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह समूह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शिया-सुन्नी संघर्ष का उपयोग आम तौर पर करते हैं। पाकिस्तान में कुछ सियासी नेता साम्प्रदायिक तनाव को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काते हैं। बेशक, पाकिस्तान सरकार की सुन्नी परस्त नीति के कारण साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकामी, या यहां तक कि कुछ मामलों में इसमें सहयोग करने से, इस समस्या को और बढ़ावा मिलता है। पाकिस्तान में कुछ सुन्नी जिन्ना को भी शिया बताते हैं। कौन जाने कि एक बार जिन्ना शिया साबित कर दिए गए तो उनकी विरासत को भी बिना कुछ जाने-समझे ही पाकिस्तान में धूल में मिला दिया जाएगा। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर शिया मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों और सिखों के साथ भेदभाव के कई जटिल कारण हैं, जिनमें धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक उद्देश्य और कई सामाजिक-आर्थिक कारक शामिल हैं। कोई एकल कारण नहीं है, बल्कि ये कारक आपस में जुड़े हुए हैं।

पाकिस्तान में कुछ अतिवादी आतंकी धार्मिक समूहों का प्रभाव काफी है, जो सुन्नी इस्लाम के एक विशेष व्याख्या का प्रचार करते हैं जो अन्य धर्मों और शिया इस्लाम के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा देता है। कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल किया है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित किया जाता है।

# संकर सहज स्वरूप सम्हारा




संकलित

## दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

# सुख-सुविधाओं से ज्यादा संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दिव्यांगों का दर्द

तीन दिसंबर को हर वर्ष विश्व दिव्यांग (विकलांग) दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों का सशक्तिकरण और इनके लिए समान अधिकार और विकास संभावनाओं की सुनिश्चितता करना भी है। हमारे देश में दिव्यांगों की संख्या काफी है। अगर हम वर्ष 2011 की जनसंख्या के आंकड़े देखें तो इसमें बताया गया है कि उस समय इनकी संख्या लगभग 2.68 करोड़ थी जो देश की जनसंख्या का लगभग 2 से ऊपर का प्रतिशत था।जैसे-जैसे जनसंख्या में वृद्धि हुई है, वैसे-वैसे यह आंकड़ा भी बढ़ा होगा। दिव्यागों के प्रति हर नागरिक की सहानुभूति होनी चाहिए। सरकार को भी उनके कल्याण के लिए नई योजनाएं लेकर आगे आना चाहिए।

*- संदीप पाठक, महासमुंद*

## ट्रेंड

### प्रथम राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि



देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की सशक्त नींव रखने में उन्होंने अमूल्य योगदान दिया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### द साबरमती रिपोर्ट



'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म ने देशवासियों को गोधरा के सच से परिचित कराया। इस फिल्म के माध्यम से लोगों को पता चल रहा है कि कैसे एक इकोसिस्टम ने इतने बड़े सच को सालों तक देश से छिपा कर रखा। **-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### अल्पसंख्यकों पर हिंसा



पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्ता पलट होने के बाद वहां नई सरकार में खासकर हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा व जुल्म-ज्यादती आदि तथा उससे वहां बिगड़ते हालात अति-दुखद व चिन्ताजनक।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### हार्दिक शुभकामनाएं



सेंट फ्रांसिस जेवियर के पर्व के शुभ अवसर पर गोवा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। संरक्षक संत की स्थायी विरासत हमें शांति, सद्भाव और भाईचारे के मार्ग पर मार्गदर्शन करती रहेगी।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# चीन का अंटार्कटिका में वायुमंडलीय स्टेशन

चीन ने अंटार्कटिका में अपना पहला वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन स्थापित किया है। चीन इस बर्फीले और संसाधन-संपन्न दक्षिणी महाद्वीप में इस अनुसंधान स्टेशन का निर्माण कर वहां अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन (सीएमए) के अनुसार, पूर्वी अंटार्कटिका के 'लार्समैन हिल्स' में स्थित झोंगशान नेशनल ऐटमॉसफेरिक बैकग्राउंड एडमिनिसट्रेश (सीएमए) में रविवार से कामकाज शुरू हो गया है। सीएमए वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक लेख में कहा गया है,



## ऑफ बीट

# डाउन सिंड्रोम में बुढ़ापे के लिए डीएनए जिम्मेदार

डाउन सिंड्रोम से पीड़ित मरीजों में समय से पहले बुढ़ापे के लिए क्रोमोजोम-21 में मौजूद एक अतिसक्रिय जीन जिम्मेदार हो सकता है, जो डीएनए की मरम्मत की प्रक्रिया को बाधित करता है और ढलती उम्र से जुड़े लक्षणों को गति देता है। ब्रिटेन स्थित क्वीन मैरी विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हुए एक नये अनुसंधान में यह दावा किया गया है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, शरीर में रासायनिक क्रियाओं में तेजी लाने वाले एंजाइम पर 'डीवाईआरके1ए' नामक जीन की अतिसक्रियता डीएनए की मरम्मत करने वाले तंत्र को प्रभावित करती है।



# पंडित जानकी प्रसाद शुक्ल अवध रानी विद्यालय में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

## नाटक सोशल मीडिया के दुष्परिणाम व नारी सम्मान ने मन मोह लिया

### अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभाओं को सराहते हुए दी शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत बढ़ैया कला गाँव में स्थित पंडित जानकी प्रसाद शुक्ला अवध रानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति से अतिथि गदगद दिखे बच्चों की प्रस्तुति को सराहते हुए अतिथियों ने शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गोंड व बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल विद्यालय के प्रबंधक रमेश शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, के साथ ही शिक्षा का महत्व, सोशल मीडिया के दुष्परिणाम, नारी सम्मान आदि पर नाटकीय मंचन किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अक्षयवर गोंड ने कहा कि जिला और तहसील स्तर पर तो विद्यालयों का संचालन करना आसान है लेकिन अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय का संचालन करना एक चुनौती पूर्ण रहता है लेकिन विद्यालय प्रबंधन ने चुनौती स्वीकार करते हुए बच्चों में जो प्रतिभाओं का निखार किया है वह सराहनीय है।पूर्व सांसद ने बच्चों की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी।विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है बस उन्हें तराशने की जरूरत है।बेहतर शिक्षक व शिक्षण संस्थान मिलने पर बच्चों की प्रतिभाओं में निखार आता है। कार्यक्रम का संचालन बृजेश शुक्ला ने किया।इस मौके पर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व राजकीय ठेकेदार राज किशोर दिक्षित, आशीष दिक्षित, बोनसाई मास्टर व शिक्षाविद सोमवर्धन पांडे ,सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेंद्र मौर्य और पिंटू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अमित कुमार ,प्रकृति प्रेमी गौरैया संरक्षक मिथिलेश जायसवाल, भाजपा कार्यकर्ता राम सहारे मिश्रा, सतीश पोरवाल ,विद्यालय के शिक्षक हर्षित शुक्ला ,सुधाकर पांडे ,कृपाराम यादव, राजकुमार ,जय नारायण यादव ,पिंकी श्रीवास्तव ,रश्मि श्रीवास्तव ,सरिता सहित काफी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक व क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तीस दिवसीय बाबागंज धनुष यज्ञ रामविवाह मेला शुरू

## ऐसे आयोजन से देश की संस्कृति भी आगे बढ़ती है: विधायक

अमन लेखनी समाचार





बाबागंज, बहराइच।भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के अंतर्गत धनुष यज्ञ राम विवाह के उपलक्ष्य के अवसर पर लगने वाला 30 दिवसीय मेला देश-विदेश तक प्रसिद्ध है।बताते चले प्रति वर्ष अगहन मास के शुक्ल पक्ष के पंचमी के दिन बाबा परमहंस कुटी पर लगने वाले मेले का उद्घाटन विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व चेयरमेन रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य ने सयुक्त रूप से विधि-विधान व रीति रिवाज के साथ फीता काट कर किया। बताते चले शुक्रवार को श्री राम जानकी मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष बाबादीन वर्मा के देखरेख में उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जन समुदाय कों सम्बोधित करते हुए विधायक श्री वर्मा ने कहा कि मेला कमेटी को मेरी तरफ से हर संभव सहयोग मिलता रहेगा।विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत कों आगे बढ़ाने का काम सरकार कर रही है।तत्पश्चात चेयरमेन डॉ वैश्य ने जय श्री राम के शंखनाद से अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत में समाया यह ऐतिहासिक मेला वर्षो से हमारे जीवन का अभिन्न अंग रहा है। मेला के माध्यम से लोग परंपरा, एकता और समुदाय के बंधनों का जश्न भी मनाते है। अंत में ग्राम प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि धनुष यज्ञ मेरे के आयोजन से संस्कृति आगे बढ़ती है। मेलार्थियों से निवेदन करते हुए परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की अपील की। कमेटी पदाधिकारी कैलाशनाथ वर्मा ने कहा कि यह मेला सैकड़ो वर्षों से लगता चला आ रहा है मेले की मान्यता है की जो भी श्रद्धालु बाबा परमहंस कुट्टी पर अपनी मनौती मांगता है बाबा उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन कौशल किशोर वर्मा ने किया। मेला में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र ड्रैगन झूला, मौत कुआं, कॉस्मेटिक दुकान, बुलंदशहर की प्रसिद्ध खजला, खिलौने की दुकाने सहित अन्य जरूरतमंद की दुकाने सजी है। इस मौके पर चौकी इंचार्ज बाबागंज अनिल यादव ने उपस्थिति सभी लोगों कों पूर्ण विश्वास दिलाया कि मेला कमेटी,दूर दराज से आए हुए दुकानदार और मेलार्थियों को चौबीस घंटे सुरक्षा देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सौरव वर्मा, कोतवाल रूपईडीहा दद्दन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष अपना दल (एस) पेशकार पटेल, प्रमोद पटेल, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी संतोष मिश्रा, पंकज वर्मा, रियाजुद्दीन, प्रधान दिलीप सिंह, विक्रम वर्मा, दुर्गेश वर्मा आदि उपस्थिति रहे।

## संक्षेप

### उप जिलाधिकारी कैसरगंज ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील मुख्यालय कैसरगंज बस स्टॉप पर स्थित रैन बसेरे का शुक्रवार शाम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद आईएएस ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को सख्त दिशा निर्देश दिया की रैन बसेरे परिसर के अंदर स्वच्छ पीने के लिए पानी प्रकाश की व्यवस्था साफ-सफाई सुचारू रूप से वेल मेंटेन रहना चाहिए।रैन बसेरे में किसी भी आसुविधा को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शिवम द्विवेदी राजस्व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों से कार्य लेने पर प्रतिकर अवकाश प्रदान करने की मांग

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने छुट्टियों के दिनों में शिक्षकों से कार्य लेने पर प्रतिकर अवकाश प्रदान करने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष की अगुवाई में बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की गई है कि शिक्षकों से यदि अवकाश के दिनों में कार्य लिया जाता है या विद्यालय खुलवाया जाता है तो उसका प्रतिकर अवकाश मिलना चाहिए। अभी पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 8 दिसंबर रविवार को सभी विद्यालयों को खोलने का आदेश जारी किया है। इस पर संगठन की मांग है कि यदि शिक्षकों से विद्यालय खुलवाए जाएं तो इसका प्रतिकार अवकाश दिया जाए। साथ ही यह स्पष्ट किया जाए कि केवल जहां पल्स पोलियो बूथ है वही विद्यालय खुलवाए जाएं। तथा बूध वाले विद्यालयों की सूची भी खंड शिक्षा अधिकारी ग्रुप पर प्रेषित की जाए।इस संबंध में शुक्रवार को संगठन के जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक की अध्यक्षता में संगठन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला और उन्हें इन समस्याओं से अवगत कराया।

### जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा में कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न हुई। जुमे की नमाज को लेकर क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह ने निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।दरअसल शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर जामा मस्जिद सहित अन्य स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया।जहां इस दौरान क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा हुई। इस दौरान मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस जवान मुस्तैदी से तैनात रहे जो क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखे हुए थे।बृहस्पतिवार को सभी सर्किलों के थाना प्रभारी से मीटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था के दिशा निर्देश दिए गए थे।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर



- बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किया गया श्रद्धासुमन
- वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृत्तत्व पर डाला प्रकाश

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के 68वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम सदर राकेश मौर्या सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और उसका नेपाल पर असर विचार गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती मित्र राष्ट्र नेपाल में हो रहे नेपालगंज कांक्लेव कार्यक्रम जो कि सीमा के करीब बने मेरा प्लैनेट वॉटर पार्क में नेपालगंज मैराथन के संस्थापक टीएस ठाकुरी के संयोजकत्व में हो रहा है।इस कार्यक्रम में भी नेपाल के जानी-मानी हस्तियां शामिल हुई।कार्यक्रम के दूसरे दिन में भी तीन सत्र आयोजित किए गए। जिसके प्रथम सत्र में जलवायु परिवर्तन पर नेपाल की जानी मानी जलवायु से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की हस्तियां शामिल हुई। इस अंतरिक्रिया कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और उसका नेपाल पर असर और नेपाल की सहभागिता पर विचार विमर्श किया गया।इस अंतरक्रिया कार्यक्रम में नेपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डाक्टर अनिल पोखरेल, नेपाल के वरिष्ठ जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ डॉक्टर विमल रेगमी, वरिष्ठ आर्किटेक्ट दिव्या आचार्य,बी वाई डी कंपनी के नेशनल सेल्स हेड आशुतोष गौतम शामिल हुए। इन सब से डिबेट अंतर्राष्ट्रीय जल श्रोत विशेषज्ञ डॉक्टर जीत चंद्र ने किया। इसी के साथ दूसरे सत्र में इंसान क्यों दौड़ता है विषय पर चर्चा हुई।इस सत्र में नेपाल की राष्ट्रीय ओलंपियन संतोषी श्रेष्ठ, क्याएन विजय लामा, मिस नेपाल वर्ल्ड 2024 असमा कैसी, नेपाली फिल्म निर्देशक मनोज पंडित शामिल हुए। इन से मॉडरेट डाक्टर सूर्य थपलिया ने किया। तीसरे सत्र में नेपाल में शिक्षा का स्तर विषय पर चर्चा किया गया। जिसमें लुंबनी प्रदेश के सामाजिक विकास मंत्री जन्मजय तिमिलसेना, उप मेयर कोहलपुर संगीता सुबेदी पौडेल, अध्यक्ष पालिका महासंघ नेपाल लक्ष्मी पाण्डेय, प्रोफेसर डाक्टर विद्यानाथ कोइराला शामिल हुए।इनसे डिबेट तुला अधिकारी ने किया।इस कार्यक्रम को नेपाल की जानी मानी बड़ी बड़ी कंपनियों ने रिस्पॉन्सर्ड किया जिसमें दुग्गड ग्रुप, बी वाई डी इलेक्ट्रिक कार, ऐती एयर, सागरमाथा सीमेंट, वाणिज्य बैंक, ज्ञान खाद्यान्न, क्रिएटिव हैंड्स, दैनिक नेपालगंज, नबील बैंक, डॉट वर्क्स सहित दर्जनों कंपनिया है। इस अवसर पर नेपाल के बुद्धिजीवी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ राजनीतिक, राष्ट्रीय स्तर के लेखक, विचारक, वैज्ञानिक, उद्योगपति, भारत व नेपाल के मीडियाकर्मी, मॉडल्स तथा फिल्म जगत की हस्तियां शामिल हुई।

## कानून एवं शान्ति व्यवस्था के लिए डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शुक्रवार तथा 06 दिसम्बर के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण नगर क्षेत्र का वाहन के काफिलों के साथ भ्रमण किया। डीएम व एसपी ने घंटाघर से छावनी, दरगाह, चॉदपुरा, ईदगाह, गुदड़ी, पीपल चौराहा, पानी टंकी से अस्पताल चौराहा सहित सम्पूर्ण नगर क्षेत्र का भ्रमण किया।

# तिलहर में गल्ला व्यापारी की दुकान में चोरी

### नकदी समेत 4 लाख का माल गायब, फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुटी

अमन लेखनी समाचार

तिलहर, शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के रसेवन गांव में स्थित गल्ला आढ़त में बीती रात चोरों ने शातिराना तरीके से धावा बोला। चोरों ने शटर तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपये की नकद राशि और डेढ़ लाख रुपये मूल्य के 30 बोरा तिल चोरी कर लिया। चोरी की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मीरानपुर कटरा नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी गल्ला व्यापारी गौरव गुप्ता की गल्ला आढ़त पर यह वारदात हुई। व्यापारी के अनुसार, चोरों ने आढ़त के शटर को तोड़ने के बाद अंदर रखी अलमारी को उठा लिया और उसे पास के खेत में ले जाकर तोड़ा। अलमारी में रखे ढाई लाख रुपये नगद और 30 बोरा तिल चुरा लिए गए, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है।सुबह सात बजे गांव के सोनू मौर्य ने गौरव गुप्ता को सूचना दी कि उनकी आढ़त का शटर टूटा हुआ है। जब व्यापारी मौके पर पहुंचे, तो पाया कि अलमारी



खेत में टूटकर पड़ी थी और उसमें रखे पैसे नहीं मिले। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर फॉरेंसिक विभाग की टीम के साथ जांच शुरू की। मीरानपुर कटरा थानाध्यक्ष ओमशंकर शुक्ला ने कहा कि पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। उन्होंने व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# गेंद घर मैदान में निर्मित बालिका छात्रावास का हुआ लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की निर्धन, मेधावी एवं जनपद के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं की बेहतर शिक्षा और सुरक्षा के लिये जनपद स्तर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा गेंछ घर मैदान में 48 बालिकाओं हेतु विभिन्न सुविधाओं से सुसज्जित निःशुल्क नवीन बालिका छात्रावास का सदर विधायक अनुपमा जायसवाल की उपस्थिति में आयोजित समारोह में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया गया। जबकि सदर विधायक श्रीमती जायसवाल ने फीता काटकर छात्रावास भवन उद्घाटन कर परिसर में स्थित भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन अर्पित किये। समारोह को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक श्रीमती जायसवाल ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा दिये गये आदर्शों पर चलने हेतु छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के कल्याण और देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए बाबा साहब द्वारा किये गये त्याग और तपस्या के लिए उन्हें हमेशा याद रखा जायेगा। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर ने देश को दिये गये संविधान की शक्तियों एवं संविधान की मूल भावनाओं से आवासित छात्राओं को परिचित कराया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अज्जू व महामंत्री अजय जायसवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) श्रद्धा पाण्डेय, छात्रावास अधीक्षक किशन लाल सहित आवासित छात्राएं तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नपा के नाले में दबकर 4 मजदूर घायल

## सुल्तानपुर के अस्पताल में कांग्रेस नेता ने जाना हाल, बोले–संवेदनहीन हैं चेयरमैन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में कोतवाली नगर के महुअरिया में नगरपालिका द्वारा निर्माण कराए जा रहे नाले के निर्माण के दौरान चार मजदूर दबकर घायल हो गए थे। पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी और कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए नगर पालिका चेयरमैन व ईओ पर जमकर हमला बोला। वरुण मिश्रा ने कहा नगरपालिका द्वारा नाला सफाई का काम चल रहा था। जिसमें मजदूरों को बिना हेलमेट, बिना जूता, बिना सेफ्टी जैकेट के दिए हुए उनसे नाला साफ कराया जा रहा था। जिसमें मिट्टी धसने से चार मजदूर दब गए थे। बुरी तरह घायल मजदूरों को अस्पताल लाया गया। संवेदनहीनता ये कि नपा का न कोई कर्मचारी, न अधिशाषी अधिकारी, न चेयरमैन किसी ने जरुरत नहीं समझी की इनका हाल चाल लिया जाए। मैंने इनका हाल चाल पूछा और सीएमएस से बात किया इनका सुचारु रूप से इलाज चल रहा है। निश्चित रूप से इस मामले को हम जिलाधिकारी के सामने उठाएगे। गरीब लोग हैं इनकी मदद होना चाहिए और नपा को इस तरह के आचरण से बचना चाहिए। नपा में जनता के टैक्स के पैसे की बंदर बाट हो रही है उसमें ये लगता है उनको किसी की जान जाने या आने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उनको इस बात से फर्क पड़ता है उनका कमीशन आया या नहीं आया। चाहे सभागार में मजदूर का मामला रहा हो या नाले की सफाई के दौरान मजदूरों के घायल होने का इन सब मामलो में ईओ और नपा चेयरमैन की जो संवेदनहीनता है वो खुलकर सामने आ रही है। मैंने अभी मजदूरों से पूछा की नगर पालिका की तरफ से कोई आया था या नहीं आया था तो उन्होंने बताया कि किसी ने हमारा हाल चाल तक नहीं पूछा है। मैं समझता हूं ऐसे संवेदनहीन लोगों को जिस तरह जनता कुर्सी पर बैठाती है बाद में उनसे सवाल भी करना चाहिए। चेयरमैन और ईओ को घटना का संज्ञान लेकर मजदूरों की मदद करना चाहिए। नगर पालिका चाहती है ऐसी घटनाए दब जाए उनका अनावरण न हो। जनता को कोई जानकारी न मिले। लेकिन अब ये दबने वाली चीजें नहीं हैं ये अब उठकर आएगी।

# पुल को लेकर किसानों का आंदोलन जारी

## धरना कर रहे प्रदर्शनकारियों को अलग-अलग संगठनों का समर्थन

अमन लेखनी समाचार



जलालाबाद, शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज क्षेत्र के रामगंगा नदी के फरुर्खाबाद जिले के पास वजीरपुर घाट पर भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश व भानूगुट के पदाधिकारियों का धरना प्रदर्शन चौथे दिन यानी भी जारी रहा। इस धरने को अलग-अलग संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। जिससे पुलिस-प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास भी किया। चौथे दिन किन्नर समुदाय के लोगों ने भी पांटून पुल की मांग कर रहे लोगों का समर्थन किया। धरने पर बैठे.किन्नर प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शाहजहांपुर रानी जी जलालाबाद के साथ छबीली कलान क्षेत्र-शकीला, मरजीना,मन्नत रानी व अन्य समर्थकों सहित पूरी टीम एवं क्षेत्र की तमाम मातृशक्ति धरना स्थल पर मौजूद रही साथ ही ग्राम दोसपुर, नागर, जरियनपुर,मिजार्पुर के किसान भी इस धरने में शामिल रहे। पांटून पुल की मांग करने वाले इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता दूसरे दिन भी शहजहांपुर जिले के पास धरने पर बैठ गए। करीब 4:30 बजे तहसील जलालाबाद के नायब तहसीलदार रोहित कटिहार,राजस्व कानून अधिकारी अशोक कुमार एवं थाना प्रभारी अल्लाहगंज ओमप्रकाश भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसानों को समझाने बुझाने का प्रयास किया।

अधिकारियों ने अनुरोध किया कि ठंड के समय में आंदोलन को स्थगित कर दिया जाए। अधिकारियों ने कहा कि आपकी मांगों को ऊपर तक पहुंचा दी जाएगी। इस पर सपा नेता रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा कि- जब तक पांटून पुल की मांग को मान नहीं लिया जाता तब तक धरना प्रदर्शन 24 घंटे तक जारी रहेगा।

## सवारियों ने बस में लगाया धक्का

### अमेठी से सुल्तानपुर जा रही रोडवेज बस बंद हुई, स्टार्ट कराने को उतरे यात्री

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, प्रदेश की योगी सरकार रोडवेज बसों को हाईटेक बनाने की कवायद में में जुटी है तो अमेठी में शासन के प्रयासों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। अमेठी बस स्टैंड के अंदर रोडवेज बस को धक्का लगाते यात्रियों का वीडियो सामने आया है। दरअसल प्रदेश की योगी सरकार रोडवेज बसों को लगातार हाईटेक बनाने की कवायद में जुटी हुई है। लेकिन अमेठी की कंडम बसें योगी सरकार की तैयारियों पर प्रश्न चिह्न लगा रही हैं। अमेठी बस स्टॉप के अंदर एक रोडवेज को धक्का लगाते यात्रियों का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि ये बस अमेठी से सुल्तानपुर जा रही थी। इसी बीच अचानक स्टार्टिंग में दिक्कत आ गई।

# प्रेमी-प्रेमिका ने एक साथ खाया जहर

## प्रेमी की मौत, प्रेमिका की हालत गंभीर, तीन साल से चल रहा था ड्राइवर से अफेयर

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, सुल्तानपुर में प्रेमी-प्रेमिका ने एक साथ जहर खाकर जान देने की कोशिश की। दोनों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर ने लड़के को डेड घोषित कर दिया। वहीं लड़की को गंभीर हालत में डॉक्टर ने जिला अस्पताल अम्बेडकर नगर रेफर किया। लेकिन परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर इलाज करा रहे हैं। मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र से जुड़ा है। थाना क्षेत्र के ग्राम भीलमपुर निवासी भारतलाल निषाद (20) एक प्राइवेट कॉलेज में गाड़ी चलाता था। उसी स्कूल में पढ़ने वाली 20 वर्षीय छात्रा से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों के मध्य प्रेम प्रसंग चलते हुए 3 साल हो गए थे। इसी बीच भारतलाल की प्रेमिका शादी करने की जिद करने लगी। तब भारत ने अपने भाई की शादी हो जाने के बाद शादी करने की बात कही। बात बढ़ गई थी और दोनों के घरों तक मामला पहुंचा तो दोनों परिवार के लोगों ने लड़के लड़की पर सख्ती की। तभी बीती रात दोनों घर से निकलकर भीलमपुर में 52 बीघा के नाम से तालाब के पास आए और दोनों ने एक साथ जहर खा लिया। परिजन रात भर दोनों की खोजबीन करते रहे। सुबह खेत जोतने गए ट्रैक्टर चालक ने दोनों को तड़पते देखा तो परिजनों को सूचना दी। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लाया गया। यहां भारतलाल निषाद को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम के बगैर शव लेकर घर गए

## संक्षेप

### बिजनौर में एक्सीडेंट में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बिजनौर, बिजनौर के मंडावर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खवाजगीपुर गांव निवासी आशीष (27) पुत्र यशपाल के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। आशीष अपनी बड़ी बहन पबित्रा को बिजनौर से लाने के लिए बुधवार को बाइक से निकले थे। जैसे ही वह गांव शहवाजपुर के पास पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आशीष को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशीष की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे तीन साल के बेटे, पत्नी और परिवार को बिलखता छोड़ गया है। आशीष तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिवार में पहले से ही शादी की तैयारियां चल रही थीं, क्योंकि छोटी बहन का आज ही लग्न जाना था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के जिम्मेदार अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

### बिजनौर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान को पुलिस ने रोका

अमन लेखनी समाचार

चाँदपुर, बिजनौर के चांदपुर से कांग्रेस जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान और उनके समर्थक बुधवार को राहुल गांधी के साथ संभल जाने के लिए गाजीपुर बार्डर की ओर रवाना हुए थे। इसी दौरान उन्हें बबनपुरा चौकी (अमरोहा बॉर्डर) पर पुलिस ने रोक लिया। पुलिस ने चांदपुर-अमरोहा बार्डर पर भारी पुलिस बल तैनात कर जिलाध्यक्ष और उनके समर्थकों को रोका। पुलिस चौकी पर रोकने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं में रोष फैल गया। वे इस कदम को तानाशाही और विरोध दबाने की कोशिश मान रहे हैं। सरकार की तानाशाही कांग्रेस कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि सरकार उनका विरोध दबाने के लिए ऐसे कदम उठा रही है। वे लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का भी विरोध कर रहे हैं और इसे एक प्रकार का दंडात्मक कदम मान रहे हैं।

इस दौरान इलियास कुरैशी, अनीस अहमद, शारिक हाशमी, शाकिर बाबा, अमीर हसन, नफीस अहमद, उस्मान अनवर, मुशर्रफ हसनैन, काजिम फरहत, और कई अन्य प्रमुख कांग्रेस कार्यकताओं को संभल जाने से रोक दिया गया। कार्यकताओं ने कहा- नहीं रुकेगा विरोध कांग्रेस कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी आवाज को दबाया जाता है तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे।

उनके मुताबिक, यह लोकतंत्र की

# गोरखपुर में मृतक के परिजन बोले- बर्खास्त हों थानेदार

## मनुष्य का मन ही समस्त दुखों का कारण होता है-आचार्य विनय कुमार शास्त्री

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत वार्ड संख्या 11 परशुराम नगर में श्रीमद् भागवत व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को कथा रसायन कर रहे थे। मन ही मनुष्य के समस्त दुखों का कारण होता है। दुख और मोक्ष की ओर मन ही ले जाता है। धर्मराज युधिष्ठिर के बचन मानव समाज के लिए एक वरदान है। उक्त बातें आचार्य विनय कुमार शास्त्री ने कही। वह घघसरा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 परशुराम नगर में श्रीमद् भागवत व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को कथा रसपान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपत्ति काल में नियति ने धर्मराज युधिष्ठिर की कठोर परीक्षा ली। परंतु वह अपने धर्म से तनिक भी विचलित नहीं हुए। वल्कि यक्ष के प्रश्नों का दृढ़ता पूर्वक भय मुक्त होकर उत्तर दिया। युधिष्ठिर से पूछे जाने पर कि पांचो भाइयों में नकुल को क्यों जीवित किया जाय ? भीम और अर्जुन को क्यों नहीं। धर्म राज युधिष्ठिर ने कहा कि हम दो माताओं के पुत्र हैं। धर्म के तराजू पर एक माँ का एक पुत्र जीवित है। दूसरी माता का भी एक पुत्र जीवित होना चाहिए। धर्म की तराजू पर मेरे लिए दोनों माताएं समान हैं। उनकी धर्मशिलाता को देखकर यक्ष ने सभी भाइयों को जीवित कर दिया। उक्त अवसर पर दुर्गावती देबी, विनोद कुमार पांडेय, पूर्व प्रधान पूजा पांडेय, अमरावती पांडेय, सत्यवान पांडेय, बलराम पांडेय, आचार्य विश्व देव पाण्डेय, उदयनाथ पांडेय, बलई बाबा, संतबाली गौड़, रामजीत, प्रेमचंद गौड़, मोहरा प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

### महायोगी गोरखनाथ विवि के चार एनसीसी कैडेट को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के चार एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल, सार्जेंट खुशी गुप्ता, कैडेट आशुतोष मणि त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी को एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने गोल्ड मेडल और ट्रैकशूट भेंटकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के इन कैडेट्स को एनसीसी 102 यूपी बटालियन गोरखपुर द्वारा महाराजगंज में संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर सम्मानित किया गया। इन कैडेट्स का चयन राजपथ परेड से पूर्व इंटर ग्रुप प्रतियोगिता शिविर के लिए हुआ था। इसके अलावा भुनेश्वरी इंटर कॉलेज की कैडेट दीपाली यादव, राजीव गांधी पीजी कॉलेज के सीनियर अंडर ऑफिस अविनाश, रामहर्ष इंटर कालेज के कैडेट विश्वमोहन धर दूबे और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैडेट आदर्श श्रीवास्तव को भी शिविर में सम्मानित किया गया।


# महायोगी गोरखनाथ विवि के चार एनसीसी कैडेट को किया गया सम्मानित





अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के चार एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल, सार्जेंट खुशी गुप्ता, कैडेट आशुतोष मणि त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी को एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने गोल्ड मेडल और ट्रैकशूट भेंटकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के इन कैडेट्स को एनसीसी 102 यूपी बटालियन गोरखपुर द्वारा महाराजगंज में संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर सम्मानित किया गया। इन कैडेट्स का चयन राजपथ परेड से पूर्व इंटर ग्रुप प्रतियोगिता शिविर के लिए हुआ था। इसके अलावा भुनेश्वरी इंटर कॉलेज की कैडेट दीपाली यादव, राजीव गांधी पीजी कॉलेज के सीनियर अंडर ऑफिस अविनाश, रामहर्ष इंटर कालेज के कैडेट विश्वमोहन धर दूबे और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैडेट आदर्श श्रीवास्तव को भी शिविर में सम्मानित किया गया।


# ब्लॉक प्रमुख ने मनाया बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा जाल्लेपार में बस्ती में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 68 वां महापरिनिर्वाण दिवस शुक्रवार को मनाया गया। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। ब्लॉक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह ने कहा की बाबा साहब का योगदान सदैव याद किया जाएगा। 06 दिसंबर 1956 को उनकी मृत्यु हुई थी, हर साल इस दिन को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसे मनाने का मुख्य कारण बाबा साहब को सम्मान और श्रद्धांजलि देना है। बाबा साहब ने शोषण और पीड़ित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया उनका अभियान किसी वर्ग-विशेष के लिए नहीं था उन्होंने सर्व समाज का सपना देखा था उनके अथक प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उक्त अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष राम सिंह, मण्डल महामंत्री विजय मिश्राविवेक प्रताप, नरेंद्र सिंह, राम लावत, पूर्व पंचायत सदस्य विमला देवी, पूनम, ग्राम पंचायत सदस्य शांति देवी, ज्ञानमती, सहित तमाम कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# मेरठ के युवक को सऊदी में सुनाई मौत की सजा

## मादक पदार्थ की तस्करी में दोषी मिला, मुंडाली के रछोती का रहने वाला है जैद

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के मुंडाली ग्राम रछोती के जैद (35) पुत्र जुबैर को मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में सऊदी अरब की क्रिमिनल कोर्ट मक्का ने मौत की सजा सुनाई है। इस मामले में सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय ने जैद को अपना पक्ष रखने को कहा है। एसएसपी मेरठ को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि यदि परिवार के लोग पैरवी करना चाहते हैं तो वह कोर्ट में संपर्क कर सकते है। एसपी देहात डा. राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जैद जेदाह सेंट्रल जेल सऊदी अरब में 15 जनवरी 2023 से बंद है। मादक पदार्थ की तस्करी का मामला सऊदी क्रिमिनल कोर्ट मक्का में चल रहा है। वहां पर जैद को इस मामले में सजा-ए मौत सुनाई गई है। सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय से अनुमोदन की प्रक्रिया चल रही है। मंत्रालय से एसएसपी मेरठ से संपर्क किया गया। पत्र में कहा गया है कि जैद के परिजनों की ये जानकारी दे दी जाए। जैद सऊदी अरब में कार चालक की नौकरी करने गया था। परिवार वालों का कहना है कि वह मादक पदार्थों की तस्करी में कैसे जुड़ा इसकी उनको जानकारी नहीं है। परिवार वालों को कहना है कि जैद 2018 में सऊदी अरब गया था और 2023 में वह मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार हो गया। अब उसको वहां की कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है। एसएसपी द्वारा दिए गए नोटिस के मुताबिक उनको 15 जनवरी 2025 तक अपनी बात रखने का मौका दिया गया है। परिजनों को कहना है कि वह अपनी बात जाकर कोर्ट में रखेंगे। जिस तरह से सऊदी अरब में जैद को मौत की सजा दी गई है, उसके बारे में लोगों कहना है कि यह मेरठ में पहला मामला है।

इस तरह से मेरठ के किसी भी युवक को दूसरे मुल्क में पहली बार मौत की सजा मिली है।

पुलिस का कहना है कि हम सिर्फ रिपोर्ट मांगी गई है। सऊदी अरब का अपना कानून है। हम इस बारे में सिर्फ अपनी रिपोर्ट दे सकते हैं। जैद को सजा-ए-मौत की सजा सुनाए जाने के बाद परिजनों का बुरा हाल है। जैद के पिता जुबैर और मां रिहाना का कहना है कि बेटे के साथ ये क्या हुआ कुछ समझ में ही नहीं आ रहा है। सात भाइयों में जैद दूसरे नंबर का है।

जैद के बड़े भाई नईम भी सऊदी अरब में कार चालक हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि पहले जो गाड़ी वह चलाता था उसका एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद कंपनी ने उस पर रिकवरी का नोटिस दे दिया था।

# पुवायां नगर पालिका गेट पर मिला व्यक्ति का शव

## होटल पर बर्तन धोने का काम करता था, मामले की जांच में पुलिस



अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर के पुवायां नगर पालिका परिसर के गेट पर शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान पुवायां नगर के मोहल्ला हरदयाल कुचा निवासी छोटे पुत्र राम भरोसे के रूप में हुई। वह होटल पर बर्तन धोने का काम करता था और अपनी रोजी-रोटी चलाता था। बताया जाता है कि मृतक शराब पीने का आदी था और अक्सर शराब के नशे में नगर में घूमता रहता था। आज लगभग 2:30 बजे छोटे का शव नगर पालिका गेट पर पाया गया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर उसे कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# मेरठ में नहीं हो रहा ग्रैप के नियमों का पालन

- थाने के बराबर में ग्राउंड पर खुले में हो रही सीमेंट के मलबे की डंपिंग



अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में ग्रेप के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गंगानगर थाने के बराबर में एमडीए की खाली जमीन पर ईंट, रोड़ी और सीमेंट का मलबा खुले में डंप किया जा रहा है। जिसके कारण धूल से आसपास के लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। कालोनी के लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की है। डीएम को भी पत्र लिखकर यहां हो रही अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई है। गंगानगर एल, एम और एमएन पॉकेट में एमडीए की खाली जमीन है। जमीन गंगानगर थाने के सामने है। तीन तरफ आबादी है। यहां पर कुछ बिल्डरों ने इस जमीन को डंपिंग ग्राउंड बना दिया है। यहां पर रोजाना सड़क की मिट्टी, धूल, बजरी, कंक्रीट और कचरे को डंप किया जा रहा है। जिससे हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है। बच्चों, बुजुर्गों को सांस लेने में समस्या हो रही है। लोगों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। पुलिस भी कूड़ा डंप करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। एकतरफ एनसीआर में ग्रेप-4 लागू है और दूसरी तरफ यहां खुले में इस तरह से कचरा डंप किया जा रहा है। लोगों ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की है। डीएम मेरठ को पत्र लिखकर कहा है कि यहां हो रही अवैध कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। कार्रवाई नहीं होने पर लोगों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# एवीएम जूनियर हाई स्कूल में पुलिस की पाठशाला

## डरे नहीं, चुप्पी तोड़कर गलत लोगों की करें शिकायत

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के गुलावठी शहर के एवीएम जूनियर हाई स्कूल में मिशन शक्ति फेस-5 के तहत महिला सुरक्षा कानूनों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस ने पाठशाला लगाई। पुलिस विभाग द्वारा इस जागरूक कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक के निर्देश पर एसआई मीनू सिंह ने सैकड़ों छात्राओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी।

सब-इंस्पेक्टर ने कहा कि अब महिलाओं, छात्राओं और युवतियों को ना तो अपमान सहने की जरूरत है और ना ही किसी गलत इंसान की हरकतों पर भी चुप रहना है। छात्राएं अपनी समस्याएं बेझिझक अपने परिजनों, टीचर्स को या पुलिस को बताएं। पुलिस टीम ने छात्राओं को अपनी सुरक्षा स्वयं करने के तरीके बारीकी से बताए। साथ ही कहा कि छात्राएं अपने घर की अन्य महिला परिजनों को भी इन कानूनों की जानकारी दें। इस मौके पर पुलिस टीम में एसआई के अलावा एलसी मीनू, पूनम, मोनिका आदि पुलिसकर्मी शामिल रहीं।

पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए चल रही हेल्पलाइन की जानकारी छात्राओं को दी गई, जिससे किसी भी परिस्थिति में छात्राएं अपनी शिकायत कर सकें। पुलिस टीम ने 112 डायल, 1076 सीएम हेल्पलाइन, 1090 वोमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन आदि की जानकारी छात्राओं को देकर सुरक्षा से संबंधित मजबूत किया। पुलिस टीम ने कहा कि अगर छात्राएं अपनी सुरक्षा को स्वयं तवज्जों देंगी तब ही वो एक सशक्त बालिका बनकर समाज में एक सुशिक्षित महिला और सशक्त महिला की भूमिका अदा कर सकती हैं।

अपनी सुरक्षा के लिए अब किसी ओर से उम्मीद रखने के बदले उन्हें स्वयं आगे आना होगा। किसी परेशानी में सबसे पहले एक सुरक्षित स्थान तक पहुंचे और तुरंत हेल्पलाइन से पुलिस को सूचना दें।

# हड़ताल पर रहे रिटेल सब्जी विक्रेता

## थोक विक्रेताओं के कमीशन बढ़ाए जाने से नाराजगी, वापस लिए जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार



बिजनौर, फल और सब्जी मंडी में थोक कमीशन एजेंटों द्वारा कमीशन में की गई बढ़ोतरी से नाराज सब्जी के फुटकर विक्रेताओं ने अपनी दुकानों और स्टॉल को बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सब्जी विक्रेताओं ने मंडी में जोरदार नारेबाजी करते हुए कमीशन वृद्धि को वापस लेने की मांग की। 1 दिसंबर से शुरू हुई हड़ताल में नया मोड़ तब आया जब थोक विक्रेताओं ने फल विक्रेताओं का कमीशन कम कर दिया, लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए कमीशन बढ़ा हुआ ही रखा। इससे नाराज सब्जी के फुटकर विक्रेता अब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

सब्जी फुटकर विक्रेताओं के यूनियन अध्यक्ष दिलशाद अंसारी ने आरोप लगाया कि थोक कमीशन एजेंट 7 प्रतिशत कमीशन विक्रेताओं से और 5 प्रतिशत किसानों से वसूल रहे हैं, जिससे कुल 12 प्रतिशत प्रतिदिन का बोझ पड़ रहा है। यह न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि गरीब फुटकर विक्रेताओं का शोषण भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कमीशन वृद्धि वापस नहीं ली गई तो हड़ताल जारी रहेगी। सब्जी विक्रेताओं ने मांग की है कि कमीशन दरों में वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए, जैसा कि फल विक्रेताओं के मामले में किया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में दिलशाद अंसारी के साथ नजाकत कुरैशी, अशोक सैनी, महेंद्र सैनी, नंदराम सैनी, पंकज सैनी, इरफान, गंभीर सैनी, मूला सैनी, सीता सैनी, यासीन राइन, बलराम सैनी, सियांमा सैनी, रईस राइन, और अन्य कई फुटकर विक्रेता शामिल रहे।

# बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत

## दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था, पेट्रोल पंप के पास हादसा, दूसरे की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



बिजनौर, शहर कोतवाली क्षेत्र के गंज रोड पर एक हादसा हुआ, जब एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। दूसरे घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। यह घटना देर शाम को बिजनौर के चांदपुर रोड पर पेट्रोल पंप के पास हुई। बाइक सवार प्रभु (30) और विक्रम, दोनों ही चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव ठेठ के निवासी थे और बरुकी जा रहे थे। जैसे ही वे गंज रोड पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्रभु की हालत गंभीर थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, विक्रम की हालत भी गंभीर बताई जा रही है, जिसके चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस आरोपी बोलेरो चालक की तलाश कर रही है।

# पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

## पुलिस की फायरिंग से 2 घायल, 50 हजार का इनामी समेत 3 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बागपत के बड़ौत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी बदमाश जाबिर सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। आरोपियों के पास से चोरी की पिकअप गाड़ी, दो पशु, चार टायर, दो तमंचे, जिंदा कारतूस और कोखे बरामद हुए हैं। एसपी अर्पित विजय वर्गीय के निर्देश पर पुलिस बिनोली रोड पर चेकिंग अभियान चला रही थी।

इसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक बैरीकेड तोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाश घायल हो गए। गिरफ्तार बदमाशों में सहारनपुर का जाबिर (50 हजार का इनामी), इंतजार (सहारनपुर), और गुलजार (शामली) शामिल हैं। जाबिर पर अलग-अलग थानों में 17 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि गुलजार पर 16 और इंतजार पर 13 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक चोरी की पिकअप गाड़ी, दो पशु, चार चोरी के टायर, दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और दो कोखे बरामद किए। बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। सीओ विजय चौधरी ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान यह मुठभेड़ हुई, और तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ईडी ने जननी सुरक्षा योजना घोटाले में 68.47 लाख की संपत्ति की जब्त

**2.29 करोड़ रुपये की हुई थी धांधली**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनआरएचएम (राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन) के तहत जननी सुरक्षा योजना में करोड़ों रुपये का घपला किए जाने के आरोपितों की 68.47 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। इनमें लखनऊ स्थित 30 लाख रुपये कीमत का आवासीय भूखंड व 38.47 लाख रुपये की तीन बीमा पालिसी शामिल हैं। यह संपत्तियां उप्र श्रम व निर्माण सहकारी संघ के तत्कालीन तत्कालीन प्रबंध निदेशक ब्रह्म प्रकाश सिंह व अन्य के नाम हैं।

एचआरएचएम के फंड से जननी सुरक्षा योजना के तहत चिकित्सा उपकरणों की खरीद में 2.29 करोड़ रुपये की धांधली की गई थी। मामले में सीबीआइ ने केस दर्ज कर जांच की थी और आरोपित ब्रह्म प्रकाश सिंह व अन्य के विरुद्ध आरोपपत्र भी दाखिल किया था।




लखनऊ में की गई सप्लाई के मामले में हुई धांधली में तत्कालीन मुख्य अभियंता गोविंद शरण श्रीवास्तव की भूमिका सामने आई थी। दोनों तत्कालीन अधिकारियों ने सप्लाई करने वाले ठेकेदार से कमीशन वसूला था। मामले में ईडी ने सीबीआइ के केस को आधार बनाकर अपनी जांच शुरू की थी। जब्त की गई संपत्तियों में गोविंद शरण व उनके बेटे कुमार कार्तिकेय के नाम ली गईं बीमा पालिसी भी शामिल हैं।

### ईडी ने एमआइ बिल्डर के करीबी से की पूछताछ

वहीं दूसरी ओर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर चोरी व अवैध फंडिंग के गंभीर आरोपों से घिरे एमआइ समूह के संचालक मु.कादिर अली के करीबी लवी कबीर से पूछताछ की है। सूत्रों का कहना है कि बीते दिनों लवी कबीर से दो बार पूछताछ कर बयान दर्ज किए गए हैं। पूर्व में नोटिस दिए जाने पर वह सामने नहीं आए थे और विदेश में होने की जानकारी दी थी।

ईडी एमआइ बिल्डर के कई अन्य करीबियों की भूमिका की भी जांच कर रहा है। ईडी मामले में एमआइ बिल्डर द्वारा लखनऊ की एक बड़ी परियोजना में खरीदी गई जमीन के एक बड़े हिस्से को कब्जाए जाने को लेकर भी छानबीन कर रहा है। ईडी ने इसे लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण व आवास व विकास परिषद के कुछ अधिकारियों को भी बुलाया था पर वे सामने नहीं आए।

ईडी अब इसे लेकर शासन को पत्र भेजकर परियोजना से जुड़ी जानकारियां मांगने की तैयारी कर रहा है। आयकर विभाग ने बीते दिनों एमआइ समूह के ठिकानों पर छापेमारी की थी और संदिग्ध लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए थे। बाद में इस मामले में ईडी ने भी जांच शुरू की थी।

## संक्षेप

### दहेज हत्या में देवर व सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। दहेज हत्या में नामजद सास एवं देवर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। कस्बे के इमिलिया थोक निवासी कोमल सिंह ने चांद थोक निवासी मोहित द्विवेदी से प्रेम विवाह किया था। विवाह के पश्चात से ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। गत 6 नवंबर को कोमल की संदिग्ध हालत में मौत के बाद कोमल का शव लेकर सास चंदा देवी व देवर रोहित द्विवेदी बांदा जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र के गुलौली घाट लेकर पहुंचे थे। मामला संदिग्ध भांपकर मछुआरों द्वारा पैलानी पुलिस को सूचित करने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतका के पिता अमर सिंह को सूचित किया था। सूचना पाकर पहुंचे अमर सिंह ने पुत्री की शिनाख्त करके हत्या का आरोप लगाया था। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद 12 नवंबर को पुलिस ने पिता की तहरीर कर पति, देवर, जेठ व सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को एसआई राजवीर सिंह व प्रियंका ने नामजद देवर रोहित द्विवेदी व सास चंदा देवी को घर से दबोचकर न्यायालय भेजा। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### पुरानी पेंशन बहाली हेतु संगोष्ठी के साथ शहीद पार्क तक निकलेगा कैंडल मार्च

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। अटेवा की जिला इकाई द्वारा डा. अंबेडकर पार्क में शनिवार को संगोष्ठी का आयोजन करने के साथ शहीद पार्क तक कैंडल मार्च निकाला जायेगा। अटेवा के जिला महासचिव कमलकिशोर ने बताया है कि शनिवार को शाम 4.30 से 6.30 बजे तक अटेवा जिला इकाई के तत्वावधान में पेंशन शहीद डा. रामाशीष सिंह की आठवीं पुण्यतिथि पर डा. अंबेडकर पार्क में पुरानी पेंशन बहाली हेतु संगोष्ठी होगी। उक्त स्थल से शहीद पार्क तक कैंडल मार्च निकालकर श्रृद्धांजलि दी जायेगी। उन्होंने जनपद के पेंशन विहीन शिक्षक, कर्मचारियों से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का आवाहन किया है।

## बाबा साहेब ने भारतीय समाज को समानता, स्वतन्त्रता, और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का संदेश दिया - अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने हजरतगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने कहा कि एक गरीब परिवार में जन्मे बाबा साहब एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल समाज के दलित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया बल्कि समूचे भारतीय समाज को समानता, स्वतन्त्रता, और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का भी संदेश दिया। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा हथियार मानते हुए



₹शिक्षित बनो, संगठित हो, और संघर्ष करो का नारा दिया था। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवकरण सिंह, प्रदेश महासचिव रजनी कांत मिश्रा, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष बी एल प्रेमी, प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान, प्रदेश सचिव अफसर अली, मयंक त्रिवेदी, अशोक कुमार तिवारी आदि प्रमुख थे।

## खेतों में दिखा मगरमच्छ ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पकड़ा मगरमच्छ को**

**प्रकृति वास में संगम पर छोड़ा गया मगरमच्छ**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। शुक्रवार की दोपहर 5 फिट लंबा एक विशालकाय मगरमच्छ बेतवा नदी से निकली नहर के सहारे एक गांव के तालाब में घुसते हुये खेतों की ओर चला आया। मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया। मगरमच्छ की खबर जैसे ही गांव में फैली तो मगरमच्छ को देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना के बाद पहुचीं वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू कर मगरमच्छ को जाल बिछाकर पकड़कर बेतवा यमुना संगम में छोड़ा है।

जरिया थाना क्षेत्र के बौखर ग्राम पंचायत के प्रधान लाखन सिंह ने बताया कि बेतवा नदी से निकली नहर के रास्ते गत दिनों एक मगरमच्छ गांव के तालाब में पहुंच गया था। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू अभियान भी चलाया था लेकिन कई दिनों तक फिर मगरमच्छ दिखाई नही दिया था। शुक्रवार की दोपहर मगरमच्छ एक बार फिर नहर के रास्ते खेतों में जा घुसा। मगरमच्छ को घूमता देख लोगों में भय व्याप्त हो गया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना के बाद क्षेत्रीय वनाधिकारी अमित श्रीवास्तव व सुरजीत सिंह मौके पर पहुँचे और टीम ने रेस्क्यू कर उसे जाल के सहारे पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। क्षेत्रीय वनाधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि नहर के सहारे एक मगरमच्छ बौखर गांव के तालाब में घुस आया था। वन विभाग की टीम उसे पकड़ने के लिए प्रयासरत थी लेकिन मगरमच्छ नहीं मिल पाया था। शुक्रवार को वह नहर के सहारे फिर खेतों में घुस आया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे रेस्क्यू कर जाल के सहारे पकड़ लिया गया है। बताया कि मगरमच्छ को मुख्यालय के पास यमुना बेतवा नदी के संगम में प्रकति वास में छोड़ा गया है।

## महिला ने पति और नौकरानी के खिलाफ घर से गहने व नगदी चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर की एक महिला ने अपनी नौकरानी व उसके पति के खिलाफ घर से कीमती गहने और हजारों की नगदी चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शांति नगर में रहने वाली कृतिका अग्निहोत्री के मुताबिक उसके पति का देहांत होने के बाद से वह अपने मां बाप के घर में रह रही है। घरेलू कामकाज के लिए उसने अंजू उर्फ नेहा नामक महिला को रखा था। अंजू पहले उसके पिता के घर में रहने वाले किराएदार के घर पर काम करती थी। उनके जाने के बाद नवंबर 2019 में शादी के समय अंजू कृतिका के घर में काम करने लगी। बीच-बीच में अंजू का पति शैलेंद्र भी उनके घर आया जाया करता था। इस पर कृतिका की मां ने एतराज करते हुए अंजू से उसके पति को घर के अंदर ना आने के हिदायत दी। वर्ष 2021 में अंजू अपने पेट के ऑपरेशन की बात कह कर काम छोड़कर चली गई। फिर मई 2023 में गरीबी की बात कह कर कृतिका के घर पहुंची और काम करने लगी। तब दूसरे ही दिन कृतिका की मां ने अंजू को अंगूठी चुराते पकड़ा और काम से निकल जाने को कहा। लेकिन अंजू ने रोते हुए गर्भावस्था का हवाला दिया तो फिर उसे काम पर रख लिया गया। चार-पांच महीने के बाद अंजू डिलीवरी की बात कह कर काम छोड़कर चली गई। जून 2024 में फिर अंजू काम मांगने पहुंची तो दया खाते हुए उसे फिर से काम पर रख लिया गया। अभी 10 दिन पहले अंजू अपने पति शैलेंद्र के साथ घर पहुंची और कृतिका की मां से खुद की तबीयत खराब होने का हवाला देकर काम में पति द्वारा मदद करने की बात कही। इस पर कृतिका की मां ने कहां ठीक है। उस दिन अंजू अपने साथ एक गत्ता लेकर आई और पूछने पर बताया कि दूसरी जगह काम करती थी। वहां आंटी जी ने कुछ सामान दिया, जो इसी में रखा है। लेकिन उसके तीन दिन बाद अंजू ने अपने घर पर कुछ काम होने की बात कहते हुए 2 दिन के लिए गांव जाने को कहा। लेकिन 2 दिन बाद वापस आने की बात कह कर गई अंजू अब तक वापस नहीं लौटी और ना ही कोई खबर भिजवाई। पीड़िता का कहना है कि शादी में ससुराल, मायके, मित्रों व परिजनों से मिले गहने घर के बेडरूम की वार्डरोब में रखे थे। उसी में 50 हजार रुपये की नगदी भी रखी थी, जो चोरी हो गए। इसकी जानकारी कृतिका को गुरुवार उस समय हुई जब वह शादी में जाने के लिए वार्डरोब में अपने गहने निकालने पहुंची। अलमारी से गहने गायब मिलने पर उसने अपनी मां को बताया। तब पीड़िता की मां ने कहा कि अंजू के जाने के दो दिन पहले ही उसने एक कार्यक्रम में जाने के लिए गहने निकाले थे। लेकिन वापस लौटकर फिर उसी में रख दिए थे। इस मामले में कृतिका ने नौकरानी अंजू और उसके पति शैलेंद्र पर गहने व नगदी चोरी करने का आरोपा लगया है। उसका कहना है कि उन्हें पूरा संदेह है कि यही लोग सामान चुरा कर ले गए। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार

**तुगलकी आदेश को प्रयागराज हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने किया निरस्त**

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। लखनऊ खंडपीठ ने गूगल से चेक की गई मार्कशीट को जाली करार देने के मामले पर बाल विकास सेवा पुष्टाहार के जिला कार्यक्रम अधिकारी को फटकार लगाते हुए याची की अंक पत्र को असली ठहराकर अधिकारी के तुगलकी आदेश को निरस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मौदहा विकासखंड के गीता देवी ने सहायिका पद से आंगनवाड़ी पद पर पदोन्नति के लिए सरकार के आदेश अनुसार अभ्यर्थन किया था लेकिन प्रभारी जिला बाल विकास सेवा पुष्टाहार के कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अभ्यर्थी की मार्कशीट को जाली करार देते हुए पदोन्नति नहीं किया। याची गीता देवी ने बताया कि चार माह तक लगातार दो बार प्रत्यावेदन देने के बावजूद अभ्यर्थी विभाग के चक्कर लगाती रही लेकिन अधिकारी झूठे आश्वासन देकर अभ्यर्थी को घूमाते रहे। विभाग से न्याय न मिलता देख अभ्यर्थी ने हाई कोर्ट की खंडपीठ लखनऊ मे न्याय की गुहार लगाई। न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने याची की याचिका आंशिक रूप स्वीकार करते हुए मार्कशीट को सबूत के आधार पर असली साबित कर सरकार के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें अभ्यर्थी के मार्कशीट को जाली कर दिया गया था। यही नहीं याची के वकील अभिलाष पांडे ने मजबूती के साथ याची का पक्ष रखा जिससे कोर्ट ने अंतिम फैसला याची के पक्ष में दे दिया। कोर्ट ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को आर्थिक दंड भी दिया है लेकिन सरकारी वकील की अपील पर कोर्ट ने माफ कर दिया और याची के पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए। अब प्रश्न उठता है कि सरकार के द्वारा आंगनवाड़ी चयन भर्ती प्रक्रिया का प्रकाशन जिले में हो चुका है। क्या निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी या इसी प्रकार कोई नए विवाद याची बनकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे यह भविष्य के गर्त में है।

## विवाहिता के मौत के मामले में पुलिस ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का मुकदमा किया दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में चार दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर जान गवांने वाली विवाहिता के मामले में पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। यह रिपोर्ट मृतका के मायके वालों की ओर से दर्ज की गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मालूम हो कि उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत चौपई गांव में रहने वाली काजोल कश्यप 22 वर्ष की 2 वर्ष पहले सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित रामनगर निवासी अजय के साथ शादी हुई थी। उसके 1 साल की बेटी तुलसी है। मंगलवार को अजय जब मजदूरी करने चला गया, उसके बाद काजोल ने कमरे के अंदर पंखे के हुक से मफलर के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने काजल के पति अजय पर शराब के नशे में आए दिन प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए सरोजनीनगर थाने में उसके और उसके पिता श्रीपाल के खिलाफ तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर सरोजनीनगर पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई है, लेकिन मायके वालों द्वारा दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## शिक्षा, आत्मनिर्भरता, और समाज के प्रति प्रतिबद्धता से समाप्त होगी विषमता - डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

अमन लेखनी समाचार

जालौन। भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जनपद जालौन के नदीगांव विकास खंड के ग्राम मोहम्मदपुरा में सदभावना विकास समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे

कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहब के सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रति उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।



डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि बाबा साहब न केवल भारत के संविधान निमार्ता थे, बल्कि उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए अथक संघर्ष किया। उन्होंने कहा, ₹डॉ. आंबेडकर जी ने हमारे समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए हमें न्याय, स्वतंत्रता, और समानता के मूल्यों से जोड़ा। उनका जीवन हमें दिखाता है कि किसी भी प्रकार की विषमता को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, और समाज के प्रति प्रतिबद्धता से समाप्त किया जा सकता है। सदभावना विकास समिति नदीगांव के अध्यक्ष जगपाल सिंह यादव ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करें और अपने बच्चों को शिक्षित कर एक समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान दें। जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार जालौन के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत ने बाबा साहब के योगदान और उनकी विचारधारा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। ग्राम पंचायत के सदस्यों और आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. प्रवीण सिंह जादौन को कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। उन्हें बाबा साहब के प्रति सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया गया। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का समापन बाबा साहब के विचारों पर आधारित संकल्प के साथ हुआ। सभी ने समाज में समानता और भाईचारे के आदर्शों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। यह आयोजन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों को जीवंत रखने का एक उत्कृष्ट प्रयास था। इससे ग्रामवासियों में शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मोहम्मदपुरा गुड्डी देवी, विनीता, शशि, भूरी विनीता, सुनीलकुमार, सौरभ सिंह, रणधीर आदि उपस्थित थे।

## मुंशीगंज पुलिस द्वारा वांछित एक युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 संजय सिंह थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बी0एन0एस0 थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त संजय पुत्र रामसुन्दर निवासी कुबरा का पुरवा मजरे सरूवावां दीनापुर मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## असाध्य रोगों के मरीजों के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल बन रहे लाइफलाइन

**-गठिया और पेट संबन्धी बीमारी से पीड़ित मरीजों का अस्पताल में लगता है मेला**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल भले ही किराये के भवनों पर चल रहे है लेकिन इन अस्पतालों में मरीजों की रोजाना भीड़ इलाज कराने के लिए उमड़ती है। अब तो एलोपैथिक पद्धति से इलाज कराने वाले तमाम मरीज भी आयुर्वेदिक अस्पतालों में इलाज कराने जाते है। मरीजों को भी इलाज से फायदा मिलता है। तमाम मरीजों ने आज आयुर्वेदिक अस्पतालों की सेवाओं को मुफीद बताया है। हमीरपुर जिले में चौबीस आयुर्वेदिक एवं यूनानी अस्पताल संचालित है। इनमें हमीरपुर सदर और राठ कस्बे में सरकारी भवनों में ये अस्पताल चल रहे है। सदर अस्पताल में डॉ.अरुणा शर्मा ने बताया कि यहां स्टाफ की कमी जरूर है लेकिन सेवाएं मरीजों को बेहतर दी जा रही है। अस्पताल की चिकित्साधिकारी ने बताया कि स्टाफ की कमी के बावजूद सदर अस्पताल के स्टाफ की ड्यूटी अन्य जगहों में भी लगाई जाती है। बताया कि यहां एक फार्मेसिस्ट और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी की तैनाती है। आज सदर अस्पताल में मरीजों की भीड़ भी देखी गई। आनंद अवस्थी, भोला प्रसाद, मनीष कुमार व प्रभात कुमार समेत तमाम मरीजों ने बताया कि पैरों में दर्द की शिकायत पर आयुर्वेदिक व यूनानी पद्धति से इलाज कराने पर बड़ा फायदा मिल रहा है। मरीजों का कहना है कि सदर अस्पताल का इकलौता यह आयुर्वेदिक अस्पताल है जहां साफ सफाई के साथ ही मरीजों के बैठने के अच्छे इंतजाम है। इधर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बलभद्र सिंह ने बताया कि जिले में डॉक्टरों की बेहद कमी है। चौबीस डॉक्टरों के पद सृजित है लेकिन बारह डॉक्टर ही तैनात है। एक-एक डॉक्टर को दो-दो जगह काम करना पड़ रहा है। बताया कि पूरे जिले में संचालित हो रहे अस्पतालों में मात्र तीन फार्मेसिस्ट है। बावजूद मरीजों को अस्पतालों से सेवाएं दी जा रही है। बताया कि असाध्य बीमारी भी आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज कराने से ठीक हो जाती है।

## स्वासा बुजुर्ग में सीएएस सेवाएं शून्य होने पर पंचायत सहायक का मानदेय रोका

**उजनेड़ी की सचिवालय से गायब है सीपीयू**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिला पंचायत राज अधिकारी ने शुक्रवार को सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र की पंचायत छानी खुर्द, छानी बुजुर्ग, स्वासा बुजुर्ग, उजनेड़ी के ग्राम सचिवालय का औचक निरीक्षण किया। स्वासा बुजुर्ग में पंचायत सहायक द्वारा सीएएस के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं का उत्तर नहीं दे पाई। इनका मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। इसी तरह उजनेड़ी की पंचायत सहायक ने बताया कि कंप्यूटर सिस्टम का सीपीयू 6 माह से सचिवालय में नहीं है। इसको सचिव अपने साथ ले गयी हैं। इस पर उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा है। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत छानी खुर्द, छानी बुजुर्ग, स्वासा बुजुर्ग, उजनेड़ी का औचक निरीक्षण किया। छानी खुर्द व छानी बुजुर्ग में व्यवस्थाएं ठीक पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। वहीं स्वासा बुजुर्ग में पंचायत सहायक शालिनी का कार्य शून्य पाए जाने पर मानदेय रोकने के निर्देश दिए हैं। उजनेड़ी में पंचायत सहायक शैलेंद्र देवी ने बताया कि पंचायत सचिवालय में लगे कंप्यूटर सिस्टम का सीपीयू 6 माह से नहीं है। इसको पंचायत सचिव अपने साथ ले गयी हैं। डीपीआरओ ने पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है। पंचायत सचिव सोनाली सचान ने बताया कि सीपीयू खराब होने के कारण उसे ठीक कराने भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान सुनील सिंह तोमर जिला कंसलटेंट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मौजूद रहे।

## पांच अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी जिलाबदर की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही व प्रभावी पैरवी के क्रम में माननीय न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट व अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद की सदर कोतवाली, राठ व थाना मुस्करा से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित हुये जिलाबदर अपराधी जयचन्द्र पुत्र रामआसरे निषाद निवासी मुहल्ला डिग्गी डांडा थाना सदर कोतवाली, अंशुल उर्फ राजेश मिश्रा पुत्र प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम धनौरा कोतवाली राठ, विनोद कुमार पुत्र हरिया वर्मा निवासी मुहल्ला मेरापुर थाना सदर कोतवाली, हरिओम पुत्र देवेन्द्र निवासी पहाड़ी भिटारी थाना मुस्करा व आंशू उर्फ इम्तियाज पुत्र बब्लू उर्फ शमशाद निवासी बिहुनी खुर्द थाना मुस्करा जिला बदर की अवधि में अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे। ये लोग 6 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाहरी जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



अनोखे जंतु / शिखर चंद जैन

# अपनी मर्जी से बन जाते हैं नर या मादा

बच्चों, जरा सोचो, अगर तुम अपनी मर्जी से लड़के से लड़की बन जाओ या लड़की से लड़का तो यह एक चमत्कार ही कहलाएगा! यह हम मनुष्यों के लिए असंभव है, लेकिन दुनिया में कई ऐसी मछलियां हैं, जो अपनी मर्जी और आवश्यकता के अनुसार नर या मादा में परिवर्तित हो सकती हैं। मछलियां ही नहीं इनके अलावा भी कुछ अन्य जंतु भी ऐसे हैं, जो लिंग परिवर्तन करके चौंकाते हैं। जानो, ऐसी ही कुछ अजब-अनोखी मछलियों समेत अन्य जंतुओं के बारे में।

### क्लाउन फिश

**क्लाउन फिश** या कहें जोकर मछलियां, बड़े समूहों में रहती हैं। इनमें सबसे बड़े आकार की मादा मछली और एक नर मछली दोनों मिलकर अपने समूह का नेतृत्व करते हैं। बाकी मछलियां आकार में छोटी या कम उम्र की होती हैं। इनका आकार ही तय करता है कि समूह का मुखिया कौन होगा। लेकिन जब मादा मछली मर जाती है, दूसरी मछलियां इस समूह का मुखिया बनने की कोशिश करती हैं तो नर मुखिया अपना लिंग परिवर्तन करके मादा मुखिया का स्थान ग्रहण कर लेता है। फिर समूह की मछलियों में से जो सबसे बड़ा नर होता है, वह उसका पार्टनर बन जाता है। *



### ब्लैक सी बास

**ब्लैक सी** बास मछलियां, आमतौर पर मादा के रूप में ही जन्म लेती हैं, लेकिन इनमें लिंग परिवर्तन की क्षमता जन्मजात होती है। ये मछलियां आमतौर पर दो से पांच साल की उम्र में लिंग परिवर्तन करके नर बन जाती हैं। जीव विज्ञानियों द्वारा किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि ब्लैक सी बास, लिंग परिवर्तन तब करती हैं, जब नर ब्लैक सी बास की संख्या में कमी आने लगती है। ये ऐसा इसलिए करती हैं ताकि नर और मादा की संख्या में ज्यादा असंतुलन ना हो। *

### हॉक फिश

**ऑस्ट्रेलिया से** लेकर जापान तक के समुद्रों में मूंगे की चट्टानों पर रहने वाली हॉक फिशेज यानी बाज मछलियां, प्रायः एक नर मछली के नेतृत्व में रहती हैं। जब इनके ग्रुप में मादा मछलियों की संख्या बहुत ज्यादा होने लगती है तो उनमें से एक मछली लिंग परिवर्तन कर नर मछली बन जाती है, जो अलग होकर आधे समूह का नेतृत्व करने लगती है। कई बार समूह की नर मछली को यह पसंद नहीं आता, वह आक्रामक हो जाती है। ऐसे में जो मछली मादा से नर बनी होती है, वह फिर से मादा बन कर नर मछली का आधिपत्य स्वीकार कर लेती है। *



## मछलियां ही नहीं अन्य जंतु भी बदल लेते हैं लिंग

मछलियां ही नहीं फ्रॉग और घोंघा प्रजाति का जंतु, बनाना स्लग भी अपनी जरूरत के अनुसार लिंग बदल लेने की क्षमता रखता है। बच्चों, इन दोनों के बारे में भी जानो-



### ग्रीन फ्रॉग

**कुछ शोधकर्ताओं** ने एक बार ग्रीन फ्रॉग पर शोध करना चाहा। प्रयोगशाला में ग्रीन फ्रॉग पर शोध करने के दौरान वे यह देखकर दंग रह गए कि कुछ मेंढकों का जो लिंग उन्होंने रिकॉर्ड में दर्ज किया था, वह बदल गया। शोधकर्ताओं ने सोचा कि शायद उनसे लिखने या पहचान करने में कोई गलती हुई है, इसलिए उन्होंने जंगल में जाकर फिर से गहनता के साथ देखा-समझा, उन्होंने पाया कि ग्रीन फ्रॉग में लिंग परिवर्तन बेहद आम बात है। पहले शोधकर्ताओं ने शोध करने पर इन मेंढकों में लिंग परिवर्तन की वजह मानव द्वारा उत्पन्न प्रदूषण लगा, लेकिन फिर उन्होंने कई अध्ययन किए, जिनमें पता चला कि ग्रीन फ्रॉग में यह एक नेचुरल गुण है कि वे अपनी मर्जी से लिंग परिवर्तन कर सकते हैं। *



### बनाना स्लग

**घोंघा प्रजाति** का जंतु 'बनाना स्लग' दूर से केले के आकार का दिखता है। यह 10 इंच तक लंबा हो सकता है। यह उभयलिंगी होता है। इसमें नर और मादा दोनों जननांग होते हैं। इसे लिंग परिवर्तन की आवश्यकता नहीं पड़ती। बनाना स्लग को कुदरत ने अद्भुत गुण दिया है, यह अपनी इच्छा से नर या मादा जनन अंगों का अलग-अलग या फिर एक साथ भी प्रयोग कर सकता है। इसे प्रजनन के लिए दूसरे साथी की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह इसके लिए ऐच्छिक है कि यह किसी साथी के साथ रहे या फिर अकेले। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादी का उपवास



घर में आए जब मेहमान
बने ढेर सारे पकवान।
पूड़ी-सब्जी, मटर-पनीर
काजू-किशमिश वाली खीर।
चावल-दाल जायकेदार
पापड़-चटनी और अचार।
लाल-टमाटर हरा-सलाद
लुभा रहा इन सबका स्वाद।
भोजन बना बहुत ही खास
लेकिन दादी का उपवास।
खाकर सेब और अंगूर
दादी रहीं किचेन से दूर।

## जीके क्विज-131

1. आईसीसी की हालिया टेस्ट रैंकिंग के अनुसार विश्व का नंबर एक गेंदबाज कौन बना है?
2. पृथ्वी के लिए ऊर्जा का मुख्य स्रोत क्या है?
3. चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
4. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
5. छत्रपति शिवाजी की मां का क्या नाम था?
6. भूकंप केंद्र के नीचे का बिंदु क्या कहलाता है?
7. मस्तिष्क का कौन सा भाग शरीर को संतुलित करता है?
8. ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में किस नाम से जाना जाता है?
9. वायुमंडल में सबसे अधिक कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-131 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-130 का उत्तर :** 1. नरेंद्र मोदी, 2.एलन मस्क, 3.सामंथा हार्वे, 4.मूसी नदी, 5.राम तनु पाण्डेय, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.आयुर्वेद, 9.असम, 10.मैक्सिको

**जीके क्विज-130 का सही उत्तर देने वाले :** बेबी-बालोद, कबीर-हिसार, बंटी-ईमेल से, लता-ईमेल से, नेहा-भरनी, डिंपल-ईमेल से, अंचित-रायपुर, उपांशु-बिलासपुर, दीपा-बालोद, आर्यन-रोहतक, जीवेश-दिल्ली, कोमल-महासमुंद

हास्य कथा
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

कोई किसी अक्षर का उच्चारण गलत करे और लगातार गलत शब्द बोले तो दिमाग चकरा ही जाएगा, हंसी भी आएगी। ऐसे में आपसी वार्तालाप में कैसी मजेदार स्थिति पैदा होगी, गुदगुदाने वाली कहानी।

## हबरा की गारी



पिछले जाड़ों की बात है। मैं कोलकाता जा रहा था। ट्रेन की जानकारी करने के लिए मैं पूछताछ खिड़की के सामने खड़ा नोटिस बोर्ड पढ़ रहा था। तभी तेज-तेज चलते, घबराए हुए से एक सज्जन पास आए और बोले, 'भाई साहब! हबरा की गारी की क्या पोजीशन है?'

'क्या...?' मैंने चौंक कर पूछा। मैं उनकी बात समझ नहीं पाया था।

'हबरा की गारी के बारे में पूछ रहा हूं... हबरा की गारी...!' उन्होंने दोबारा कहा।

मैं उनकी बात फिर नहीं समझ पाया, बोला, 'भाई साहब! मैं आपकी बात समझ नहीं पा रहा हूं।'

'भाई साहब..! वो क्या है कि मैं र को र बोलता हूं।' वह बोले।

'तो इसमें कौन-सी खास बात है। हर आदमी र को र ही बोलता है।' मैंने कहा।

'आप समझे नहीं। मतलब कि मैं र को र नहीं बोल पाता, उसे भी र ही बोलता हूं, इसलिए मेरी बातचीत में थोरी गरबरी हो जाती है। दरअसल, बात यह है बरे भाई कि मैं बचपन से ही थोरा तुतलाता हूं, इसलिए र नहीं बोल पाता। र बोलता हूं तो मुंह से र निकल जाता है। मुझे हबरा जाना है। पता करना था कि हबरा की गारी की क्या पोजीशन है?' उन्होंने अपनी बात स्पष्ट की।

उनकी बात समझ में आते ही मुझे हंसी आ गई, बोला, 'अच्छा अब समझा। आप हाबड़ा जाने वाली गाड़ी के बारे में जानना चाहते हैं?'

'हां...जी हां। मैं हबरा की गारी के बारे में पूछ रहा हूं।' वह खुश होकर बोले।

'हाबड़ा की गाड़ी एक घंटा लेट है और प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आएगी।' मैंने उन्हें बताया और आगे बढ़ गया। थोड़ी देर बाद मैं प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ा था कि वही सज्जन आकर मेरे पास खड़े हो गए।

'बरे भाई! आपको भी हबरा ही जाना है क्या...?' उन्होंने पूछा।

'हां... मुझे भी हाबड़ा ही जाना है।' मैंने बताया तो वे बहुत खुश हुए और बोले, 'तब तो बरी अच्छी बात है। हबरा तक आपका साथ रहेगा।'

'आपका रिजर्वेशन किस बोगी में है?' मैंने पूछा।

'रिजर्वेशन की तो बरी समस्या है। बरे दिन की छुट्टियों के कारण आजकल गारियों में इतनी भीर चल रही है कि पूछिए मत। सब गारियां फुल चल रही हैं। मेरा हबरा पहुंचना बहुत जरूरी है। मेरा लड़का बीमार है। मैंने बरी कोशिश की, लेकिन किसी भी गारी में हबरा का रिजर्वेशन नहीं मिला।' उन्होंने बताया।

'फिर तो मुश्किल होगी। जनरल डिब्बे में तो शायद ही जगह मिल सके आपको।' मैंने उनसे कहा।

'हां भीर-भार तो बहुत है, लेकिन मेरा हबरा जाना भी बहुत जरूरी है, इसलिए गारी को छोर नहीं सकता। बस किसी तरह गारी में घुसने को मिल जाए फिर तो चला ही जाऊंगा। बैठने की जगह नहीं मिलेगी तो खरे-खरे ही चला जाऊंगा।' वह बोले।

मुझे उनकी बातों में मजा आने लगा था, मैंने कहा, 'ऐसा है भाई साहब... मेरा रिजर्वेशन है। साइड की नीचे वाली बर्थ है। आप चाहें तो मेरे साथ ही बैठ लीजिएगा।'

'अरे नहीं बरे भाई! रास्ते में टी.टी. रगरा करेगा। कहीं बीच राह में गारी से उतार देगा तो बरी मुश्किल हो जाएगी।' वह घबरा कर बोले।

'आप इतना घबराते क्यों हैं... टी.टी. से बात करके टिकट बनवा लिया जाएगा।' मैंने समझाया और गाड़ी में उन्हें अपने साथ ही बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद टीटीई आया तो उन्होंने अपना टिकट दिखाया और टी.टी. कुछ बोलता उससे पहले ही बोल पड़े, 'बात यह है टी.टी साहब कि मेरा हबरा जाना बरा जरूरी है। हबरा में मेरा बरा लरका रहता है। उसकी तबियत बरी खराब है। जनरल बोगी में इतनी भीर है कि उसमें तो खरे होने की भी जगह नहीं है। एकाएक बरी हरबरी में जाना परा, इसलिए किसी भी गारी में रिजर्वेशन नहीं मिला। आपकी बरी मेहरबानी होगी, रिजर्वेशन का भारा ले लीजिए और मुझे यहीं बैठने दीजिए।'

उनकी बात सुनकर टी.टी को हंसी आ गई। आस-पास बैठे लोग भी हंस पड़े। टीटी ने पैसे लेकर स्लीपर का टिकट बनाया और आगे की बोगी की ओर बढ़ गया।

सुबह हमारी ट्रेन हाबड़ा के निकट पहुंच चुकी थी। मुझे कोलकाता में एक मित्र के यहां जाना था। मैं पहली बार हाबड़ा जा रहा था, इसलिए अपने मित्र के मोहल्ले का पता जानने के उद्देश्य से मैंने उन सज्जन से पूछा, 'क्यों भाई साहब! क्या आप पहले भी हाबड़ा आ चुके हैं...? मुझे कोलकाता के बारे में आप कुछ जानकारी दे सकते हैं?'

'हां जी, हबरा तो मैं बराबर आता रहता हूं। आपको बताया तो था कि मेरा बरा लरका हबरा में ही रहता है। इसलिए मेरा तो हबरा आना-जाना लगा ही रहता है। हबरा के किस मोहल्ले में जाना है आपको...?' उन्होंने पूछा।

'मुझे हाबड़ा नहीं कोलकाता जाना है। कोलकाता में गुलाबबाड़ी नाम की जगह है कोई, वहीं जाना है मुझे।' मैंने बताया।

वह कुछ देर तक सोचते रहे फिर बोले, 'गुलाबबारी जाने के लिए ऐसा करिएगा कि हबरा से बरा बाजार तक के लिए आप भारे की गारी ले लीजिएगा। बरा बाजार में घोरा अड्डा से थोरा आगे बरी माता का मंदिर हैं। बरी माता मंदिर वाले चौराहे से गुरमंदी की ओर जो चौरी सरक गई है, उस सरक पर थोरा आगे जाने पर सरक के बाईं ओर इमली का एक बरा सा पेर खरा है। वह इमली बारी है। उससे थोरा आगे सरक के दाहिने ओर चंदनबारी और सरक के बाएं ओर आमबारी है। वहीं कहीं आस-पास गुलाबबारी भी है।'

उनकी बातें सुनकर मुझे जोर की हंसी आ गई। अगल-बगल बैठे लोग जो उनकी बातें सुन रहे थे, वह भी हंस पड़े। इतने में गाड़ी हाबड़ा स्टेशन पर पहुंच गई।

'चलिए भाईसाहब... गारी से उतरिए गारी हाबरा पहुंच गई।' मैंने हंसते हुए कहा और दरवाजे की तरफ बढ़ गया। *

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.नीचे बाईं तरफ ऊंट और शेर के आगे कछुआ है। 2.रस्सी से लटक रहे बंदर का बायां हाथ हाथी के कान को छू रहा है। 3.हाथी की गर्दन पर बैठा सांप गायब है। 4.हाथी की पीठ पर चिड़िया बैठी हुई है। 5.पीछे, जिराफ और हाथी के बीच से पेड़ गायब है।

## सही रास्ता बताओ

बच्चों, सोनू, मोनू, नव्या और नैंसी बस से ट्रिप पर जाने वाले हैं। लेकिन बस स्टैंड तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम जरा इन्हें बस स्टैंड पहुंचने में मदद तो करो ताकि ये बच्चे समय पर बस स्टैंड पहुंचकर अपनी बस पकड़ सकें।



## एक जैसे दो चित्र ढूंढ़ो

बच्चों, यहां कई सारे बच्चों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। बाकी चित्रों में कोई-न-कोई अंतर जरूर है। तुम एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों को पहचान कर, उसको पेंसिल से गोलाकार घेर दो।

